दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता
www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-155 | झुंझुनू (राजस्थान) | बुधवार, 29 अप्रैल, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'दिखावे की चमक क्षणिक होती है, लेकिन सादगी और संस्कार जीवनभर सम्मान दिलाते हैं।'

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### 'शादी या प्रदर्शन? जब संस्कारों पर भारी पड़ने लगा दिखावे का बोझ'

भारतीय समाज में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि एक पवित्र संस्कार माना गया है–जहाँ दो व्यक्तियों के साथ-साथ दो परिवारों का मिलन होता है। यह एक ऐसी परंपरा रही है, जिसमें भावनाएँ, जिम्मेदारियाँ और सांस्कृतिक मूल्य एक सूत्र में बंधते हैं। लेकिन वर्तमान समय में यह पवित्र संस्कार धीरे-धीरे एक 'इवेंट' में बदलता जा रहा है, जहाँ संस्कारों से ज्यादा दिखावे और प्रदर्शन को महत्व दिया जा रहा है। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

आज एक अजीब विडंबना देखने को मिलती है–जहाँ जरूरत होती है, वहाँ कंजूसी और जहाँ दिखावा होता है, वहाँ फिजूलखर्ची। गरीब और मजदूर वर्ग का व्यक्ति, जो अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष करता है, वही शादी-ब्याह, भात, छूछक जैसे आयोजनों में हजारों रुपए उछालकर अपने आपको 'खास' दिखाने की कोशिश करता है। यह केवल आर्थिक असंतुलन नहीं, बल्कि मानसिकता का भी संकट है। मुद्रा का यह अपमान केवल पैसे की बर्बादी नहीं, बल्कि श्रम और परिश्रम की अवहेलना भी है। शादी समारोहों का दृश्य भी अब बदल चुका है। सड़कों पर डीजे की तेज धुन, शराब के नशे में झूमते बाराती, घंटों तक जाम की स्थिति–यह सब अब आम बात हो गई है। किसी राहगीर की मजबूरी, किसी मरीज की आपात स्थिति या किसी की समय की अहमियत–इन सबकी परवाह किए बिना बारात अपनी 'मस्ती' में डूबी रहती है। यह खुशी का उत्सव कम और सामाजिक असंवेदनशीलता का प्रदर्शन अधिक प्रतीत होता है। एक और नया चलन सामने आया है– 'स्टेज आशीर्वाद '। लोग शादी के मुख्य संस्कारों से पहले ही मंच पर जाकर दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देते हैं, फोटो खिंचवाते हैं, खाना खाते हैं और लौट जाते हैं। कई बार तो वरमाला और फेरे जैसे मुख्य संस्कारों के समय आधे मेहमान मौजूद ही नहीं होते। ऐसे में यह प्रश्न उठता है कि क्या वे वास्तव में विवाह के साक्षी बने या केवल एक औपचारिक उपस्थिति दर्ज कर गए?

विवाह का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा–पाणिग्रहण संस्कार और फेरे–अब मात्र औपचारिकता बनते जा रहे हैं। जिन मंत्रों और विधियों का गहरा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व है, उन्हें जल्दबाजी में निपटाया जाता है। वहीं दूसरी ओर, हल्दी, मेहंदी, रिबन कटिंग, स्टेज शो और डीजे जैसे आयोजनों पर समय और धन की कोई कमी नहीं रखी जाती। यह प्राथमिकताओं का स्पष्ट उलटफेर है। सबसे चिंताजनक स्थिति तब दिखती है जब लोग डीजे पर हजारों रुपए उछालते हैं, लेकिन पंडित जी की दक्षिणा देने में हिचकिचाते हैं। जो व्यक्ति विवाह संस्कार को पूर्ण करने में मुख्य भूमिका निभाता है, उसे उचित सम्मान और पारिश्रमिक देने में कंजूसी की जाती है। वहीं नेवगी, स्वच्छताकर्मी, मनिहारी जैसे पारंपरिक सहयोगियों को शकुन देने में भी लोग असहज महसूस करते हैं। यह केवल आर्थिक व्यवहार नहीं, बल्कि हमारी सोच और संस्कारों की गिरावट का प्रतीक है।

एक समारोह का दृश्य इस विडंबना को और स्पष्ट करता है–युवा डीजे की धुन पर थिरकते हुए नोट उछाल रहे थे, जबकि वही लोग पंडित जी से दक्षिणा की बात आने पर बहस करते नजर आए। यह दर्शाता है कि हम दिखावे के लिए खर्च करने में गर्व महसूस करते हैं, लेकिन वास्तविक और आवश्यक कार्यों में कंजूसी करते हैं। आजकल शादी के बाद बढ़ते वैवाहिक विवाद भी इस बदलती मानसिकता की ओर इशारा करते हैं। जब विवाह केवल एक दिखावटी आयोजन बनकर रह जाता है और उसमें संस्कार, समझ और जिम्मेदारी का अभाव होता है, तो उसका परिणाम भी स्थायी नहीं होता। यही कारण है कि कई जोड़े विवाह के कुछ समय बाद ही न्यायालय के चक्कर लगाते नजर आते हैं। विवाह केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवनभर का बंधन है। यदि इस बंधन की नींव ही कमजोर होगी, तो उसका टिकना कठिन होगा। जब हम संस्कारों को नजरअंदाज कर केवल दिखावे पर ध्यान देंगे, तो एक मजबूत और संस्कारित परिवार की कल्पना कैसे की जा सकती है? समय की मांग है कि हम इस प्रवृत्ति पर गंभीरता से विचार करें। विवाह को पुनः उसके मूल स्वरूप–सादगी, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी–की ओर लौटाना होगा। अनावश्यक खर्च, दिखावा और समय की बर्बादी से बचते हुए, हमें उन मूल्यों को प्राथमिकता देनी होगी जो हमारे समाज की पहचान हैं।

**अंततः**, विवाह की असली गरिमा उसकी सादगी और संस्कारों में है, न कि नोटों की बारिश और दिखावे की चमक में। यदि हम इसे समझ लें, तो न केवल हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि हमारा समाज भी अधिक संतुलित और संस्कारित बन सकेगा।

# खबर का असर: सिंघाना में रेलवे भूमि पर चला बुलडोजर, वर्षों पुराने कब्जे ध्वस्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।**

सिंघाना-कापर क्षेत्र में रेलवे की जमीन पर वर्षों से पसरे अवैध कब्जों के खिलाफ आखिरकार प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। यह कार्रवाई उस समय शुरू हुई जब दैनिक भीम प्रज्ञा ने 13 अप्रैल 2026 के अपने अंक में इस


सिंघाना और खेतड़ी क्षेत्र में रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा: जहां कभी दौड़ती थी ट्रेन, अब बस गए मकान
1976 में चली मालगाड़ी, 1995 में सेवा बंद, 2004-05 में पटरी उखड़ी, अब प्लेटफॉर्म और ट्रैक पर भी अतिक्रमण
भीम प्रज्ञा न्यूज.सिंघाना।
त्योंदा में रेलवे स्टेशन के नाम का लगा बोर्ड व वीरान पड़ी भूमि
सिंघाना क्षेत्र में रेलवे लाइन के लिए बनाए गए पुल नाम का लगा बोर्ड व वीरान पड़ी भूमि
डाबला से सूरजगढ़ तक सैकड़ों गांव रेलवे से जुड़ सकते हैं
झुंझुनूं सांसद ने भी उठाई मांग
प्रशासन पर सवाल
सर्वे की जरूरत
खेतड़ी के गांवों में सुनाई देती थी ट्रेन की आवाज

गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। खबर प्रकाशित होने के बाद मामला तेजी से प्रशासनिक स्तर पर पहुंचा और अब ज़मीनी स्तर पर इसका असर साफ दिखाई देने लगा है। मंगलवार सुबह रेलवे प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ सिंघाना पहुंची और रेलवे की जमीन पर किए गए अवैध निर्माणों को हटाने का अभियान शुरू किया गया। जेसीबी मशीनों की मदद से पक्के मकानों, बाड़ों और अन्य निर्माणों को ध्वस्त किया गया। कई जगहों पर तो पुराने रेलवे प्लेटफॉर्म और ट्रैक के आसपास तक अतिक्रमण फैल चुका था, जिसे हटाने के लिए विशेष कार्रवाई की गई। नारनौल रेलवे के सेक्शन इंजीनियर जितेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग को इस क्षेत्र में अवैध कब्जों की लगातार



शिकायतें मिल रही थीं। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर कब्जाधारियों को तीन से चार बार नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था, लेकिन निर्देशों की अनदेखी होने के बाद विभाग को मजबूरन सख्त कदम उठाना पड़ा। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेलवे की जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण पूरी तरह अवैध है और इसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध जताने की कोशिश की, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के कारण स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। मौके पर रेलवे पुलिस और स्थानीय पुलिस का पर्याप्त जाब्ता तैनात रहा, जिससे अभियान बिना किसी बड़े विवाद के आगे बढ़ता रहा। रेलवे प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया है कि यह अभियान केवल सिंघाना तक सीमित नहीं रहेगा। सिंघाना से डाबला तक पूरी रेलवे भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई जारी रहेगी। लंबे समय से खाली पड़ी इस जमीन पर धीरे-धीरे हुए कब्जों को अब पूरी तरह हटाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पूरी कार्रवाई की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी दैनिक भीम प्रज्ञा की वह रिपोर्ट रही, जिसने इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाया। वर्षों से अनदेखी हो रही रेलवे की करोड़ों की संपत्ति पर हो रहे अवैध कब्जों को जिस मजबूती और जिम्मेदारी के साथ उजागर किया गया, उसी का परिणाम है कि प्रशासन को अब हरकत में आना पड़ा। यह पत्रकारिता की उस सकारात्मक शक्ति का उदाहरण है, जो न केवल समस्याओं को सामने लाती है बल्कि समाधान की दिशा भी तय करती है। गौरतलब है कि सिंघाना से डाबला तक की रेलवे लाइन पर कभी मालगाड़ियों का संचालन होता था। 1995 के बाद यह सेवा बंद हो गई और 2004-05 में पटरियां भी उखाड़ दी गईं। इसके बाद खाली पड़ी जमीन पर धीरे-धीरे अतिक्रमण शुरू हो गया, जो समय के साथ बड़े स्तर पर फैल गया। आज हालात यह हो गए थे कि जहां कभी ट्रेन की आवाज गूंजती थी, वहां पक्के मकान बन चुके थे। यह मामला केवल अतिक्रमण हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र के भविष्य से भी जुड़ा हुआ है। यदि इस रेलवे लाइन को फिर से विकसित कर डाबला, खेतड़ी, सिंघाना और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ा जाए, तो औद्योगिक विकास, व्यापार और परिवहन को नई गति मिल सकती है। ऐसे में रेलवे की इस जमीन को मुक्त कराना बेहद जरूरी हो गया था।अब प्रशासन की इस कार्रवाई से यह उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में पूरी रेलवे भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कर लिया जाएगा और इस क्षेत्र के विकास के नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट संदेश गया है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई तय है।

## झुंझुनूं में 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान शुरू, योजनाएं पहुंचेंगी गांव-ढाणी तक

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

जिले में 'ग्राम रथ अभियान' का शुभारंभ जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, भाजपा नेता राजेश दहिया, पूर्व जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने कलेक्ट्रेट से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर किया। 15 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-ढाणी तक पहुंचाई जाएगी। एलईडी स्क्रीन के जरिए ऑडियो-वीडियो प्रस्तुति के साथ रथों में सुझाव पेटिका भी रखी गई है, जिसमें आमजन अपने सुझाव दे सकेंगे। यह अभियान जिले की सातों विधानसभाओं में चलेगा, जहां कृषि,



पशुपालन, ऊर्जा, सिंचाई सहित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। साथ ही संध्या चौपाल के जरिए स्थानीय कलाकार लोक शैली में जागरूकता फैलाएंगे। 29 अप्रैल को अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के कई गांवों में यह रथ पहुंचकर लोगों को योजनाओं से जोड़ेगा।

## घोड़ी पर बैठाकर लाडो की निकाली बंदोरी,महिलाओं ने गाये मंगल गीत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** क्षेत्र के चिराना के निकटवर्ती ग्राम पचायत टोडपुरा के पचासीया वाला कुआं के निवासी रामनिवास सैनी ने अपनी बेटी प्रियंका सैनी की शादी के अवसर पर उसे घोड़ी पर बैठा कर बंदोरी निकाली। रामनिवास सैनी ने बताया कि परिवार ने पुरानी परंपराओं को तोड़ते हुए बेटे-बेटी में समानता का संदेश दिया। रामनिवास सैनी और उनकी पत्नी धन्नी देवी ने बेटी की बंदोरी डीजे पर धूमधाम से पूरे गांव के मार्गों से निकाली। इस दौरान महिलाओं ने



मंगल गीत भी गाये। प्रियंका के दादा कानाराम सैनी ने बताया कि समाज में कुछ परंपराओं का बदलना आवश्यक है। इस सामाजिक बदलाव को सभी मेहमानों और रिश्तेदारों ने सराहा और शादी के इस बदलते परिवेश का आनंद लिया। दुल्हन प्रियंका सैनी और दूल्हा विकास मावरिया दोनों ने उच्च शिक्षा प्राप्त की है। उनका विवाह 29 अप्रैल 2026 को होगा। इस अवसर पर जमन लाल सैनी, कैलाश सैनी, अंकित सैनी, जितेंद्र, अजय कुमार, सीताराम सैनी, सुरेश, सुभाष सहित कई ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## 'जल संचय जन भागीदारी 2.0: महेंद्रगढ़ को डार्क जोन से बाहर लाने की मुहिम तेज, 150 इंजेक्शन वेल से भूजल रिचार्ज'

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

प्रधानमंत्री के जल संरक्षण विजन को धरातल पर उतारने और महेंद्रगढ़ जिले को डार्क जोन की श्रेणी से बाहर निकालने के लिए प्रशासन ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी दिशा में जल संचय जन भागीदारी-2.0 अभियान के तहत जिला प्रशासन सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अब तक किए गए कार्यों और भविष्य की रणनीति से अवगत कराया।बैठक के दौरान बताया गया कि जिले में भूजल स्तर सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि महेंद्रगढ़ में विभिन्न नदियों और नालों में अब तक 150 इंजेक्शन वेल स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि 250 अन्य इंजेक्शन वेल लगाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इन इंजेक्शन वेल का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान आने वाले अतिरिक्त वर्षा जल को सीधे जमीन के भीतर पहुंचाकर भूजल स्तर को तेजी से बढ़ाना है। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-1 में बने भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर तैयार किए गए हैं, जिनके माध्यम से वर्षा जल को संग्रहित कर भूजल रिचार्ज में उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जल संरक्षण को एक




जन आंदोलन के रूप में विकसित किया जाए।

अभियान के अंतर्गत जिले में अब तक 353 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि 17 परियोजनाओं पर वर्तमान में कार्य जारी है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस अभियान की नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है और विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं को गति दी जा रही है। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्मल नागर, सिंचाई विभाग के एक्सईएन डॉ. इंजीनियर संदीप नासिर, मिकाडा के एक्सईएन सुनित राठी और डीडीए डॉ. देवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने इस अवसर पर नागरिकों से जल संरक्षण को लेकर जागरूक बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के लिए इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। मानसून के मद्देनजर उन्होंने लोगों से अपने घरों की छतों और सरकारी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का आग्रह किया, ताकि बारिश की एक-एक बूंद को बचाकर भूजल स्तर को सुधारा जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल सरकारी प्रयासों से ही लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता, बल्कि जब तक आमजन इस अभियान से जुड़कर सक्रिय भागीदारी नहीं निभाएंगे, तब तक अपेक्षित परिणाम मिलना कठिन होगा। प्रशासन का लक्ष्य है कि जनभागीदारी के माध्यम से महेंद्रगढ़ को जल संरक्षण के क्षेत्र में एक मॉडल जिला बनाया जाए।

## पिलानी विधानसभा के जर्जर विद्यालय आलमपुरा की बदलेगी सूरत

**भाजपा नेता राजेश दहिया के प्रयासों से नए भवन के लिए 100.96 लाख रुपए हुए स्वीकृत**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।**

पिलानी विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए भाजपा नेता राजेश दहिया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एव शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का हृदय से कोटि-कोटि आभार व्यक्त किया है। क्षेत्र के जर्जर विद्यालय भवन के स्थान पर नवीन भवन की स्वीकृति प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में विकास का एक नया अध्याय लिखा है। यह निर्णय न केवल छात्रों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को



भी नई ऊंचाइयां देगा। दहिया ने कहा कि विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी। 'भाजपा सरकार अंत्योदय और विकास के संकल्प के साथ हर गांव-ढाणी तक सुविधाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'इस स्वीकृति से आलमपुरा के ग्रामवासियों ने भाजपा नेता राजेश दहिया का आभार व्यक्त किया है।

## जुबानी जंग:पायलट पर टिप्पणी के बाद लगातार कांग्रेस के निशाने पर भाजपा

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** पिछली अशोक गहलोत सरकार के समय घटा मानेसर घटनाक्रम फिर गरमा गया है। 2 दिन से सियासत की सुर्खियों में सिर्फ मानेसर की चर्चा है। बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल की टोंक विधायक सचिन पायलट पर टिप्पणी के बाद एक तरफ पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर पलटवार किया। वहीं दूसरी तरफ पूरी कांग्रेस सचिन पायलट के साथ खड़ी हो गई है। पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, हरीश चौधरी, प्रहलाद गुंजल, गिरिराज अग्रवाल, राखी गौतम सहित तमाम नेताओं ने अग्रवाल से माफी मांगने की बात कही।



# कौन से ड्रिंक्स हैं बढ़ते वजन की वजह

सेहतमंद जिंदगी के लिए वजन का संतुलित होना बहुत जरूरी है। वजन में अचानक या अप्रत्याशित परिवर्तन किसी स्वास्थ्य समस्या की निशानी हो सकती है। अगर आपका वजन यादा है तो उसे नियंत्रित करने के लिए आपको एक योजना बनानी होगी। इसमें कम वसा व कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थ, एक साथ भर पेट न खाकर छोटी-छोटी खुराक लेना, मीठे पेय पदार्थों के बदले पानी यादा पीना, शारीरिक रूप से यादा परिश्रम करना जैसी बातों को शामिल करना होगा। अगर आप वजन कम करने के अभियान में जुटी हुई हैं तो इन बातों के अलावा एक और बहुत अहम बात को ध्यान में रखना होगा। आपको वजन कम करने के लिए अपने फेवरेट पेय पदार्थों से भी दूरी बनानी होगी। कौन-कौन से हैं ये पेय पदार्थ, आइए जानें-

**डाइट सॉफ्ट ड्रिंक का चक्कर** जब आप अपनी कैलोरी बर्न करने में जुटी हुई हों, तो डाइट सॉफ्ट ड्रिंक आपको एक स्वास्थ्यप्रद और बेहतर विकल्प लग सकते हैं, लेकिन डाइट सॉफ्ट ड्रिंक आपको फायदा पहुंचाने की जगह नुकसान पहुंचा सकते हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार, कैलोरी-मुक्त ड्रिंक किसी व्यक्ति की भूख और खाने की इछा को बढ़ा सकते हैं। मोटापे से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित निष्कर्षों के अनुसार डाइट पेय पदार्थों का विकल्प अपनाने वाले लोगों को मीठे पेय पदार्थों से परहेज कर अपना वजन कम करना चाहिए।

**कॉफी का असर** क्या आपको लगता है कि सुबह एक कप कॉफी पिए बगैर आप सक्रिय नहीं हो सकतीं सुबह आप खुद को एक कप कॉफी पीने से नहीं रोक पातीं। लेकिन क्या आपको पता है कि स्किम मिल्क से तैयार कॉफी के इस कप में 220 कैलोरी होती है। हैरान हो गईं न! इसलिए जहां तक कॉफी का सवाल है, थोड़ा ही बेहतर है। अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रही हैं तो ब्लैक कॉफी पिएं, जिसमें दूध की मात्रा बिल्कुल थोड़ी हो और चीनी बिल्कुल न हो।


**स्किम्ड मिल्क नहीं फुल क्रीम पीजिए** महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी एक पत्रिका के अनुसार, स्किम मिल्क (बिना मलाई वाली दूध) के सेवन से आने वाले समय में वजन बढ़ने की आशंका रहती है। दूध के वैकल्पिक उत्पादों से दूर रहना ही बेहतर है। उनमें अलग से चीनी मिली हो सकती है। जहां तक डेयरी उत्पाद लेने की बात है तो कैल्शियम से भरपूर फुल क्रीम दूध लीजिए या फिर नट मिल्क पीजिए, जिसमें कम कैलोरी और कम चीनी होती है।

**कैलोरी से भरपूर है आइस-टी** फ्रूट जूस की तरह किसी स्टोर से खरीदी गई आइस-टी शुगर युक्त होती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, वास्तव में आइस-टी की एक बोतल में 116 कैलोरी हो सकती है। इससे बेहतर है कि आप घर पर ही आइस-टी बनाएं और उसमें चीनी न डालें।

**स्मूदी में भी होती है ढेर सारी कैलोरी** अगर आप घर पर स्मूदी (एक गाढ़ा ड्रिंक, जो फल और दही या दूध मिला कर तैयार किया जाता है) बना रही हैं तो सतर्क रहें। विशेषज्ञों के अनुसार, खूब यादा फलों वाली स्मूदी में काफी मात्रा में कैलोरी होती है, इसलिए एक बार में यादा ना पिएं। स्मूदी में संतुलित मात्रा में मौसमी फलों का इस्तेमाल करें, चीनी का इस्तेमाल कम से कम करें।

**जूस से रहें दूर**

जूस, खासकर चीनीयुक्त पैक्ड जूस से परहेज करना चाहिए। महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित एक हेल्थ मैगजीन के मुताबिक, एक गिलास अंगूर के जूस में नौ चम्मच चीनी होती है, वहीं एक गिलास संतरे के जूस में छह चम्मच और एक गिलास सेब के रस में सात चम्मच चीनी होती है। जूस पीने से रक्त में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है और फिर जब शुगर की मात्रा नीचे आती है तो चीनी और कार्बोहाइड्रेट्स लेने की तीव्र इछा पैदा होती है। फ्रूट जूस में फाइबर भी कम मात्रा में होते हैं, इसलिए फलों का जूस पीने की बजाय फल खाने को तरजीह दें।



**सेहतमंद जिंदगी के लिए वजन का संतुलित होना बहुत जरूरी है। वजन में अचानक या अप्रत्याशित परिवर्तन किसी स्वास्थ्य समस्या की निशानी हो सकती है। अगर आपका वजन यादा है तो उसे नियंत्रित करने के लिए आपको एक योजना बनानी होगी। इसमें कम वसा व कम कैलोरी वाले खाद्य पदार्थ, एक साथ भर पेट न खाकर छोटी-छोटी खुराक लेना, मीठे पेय पदार्थों के बदले पानी यादा पीना, शारीरिक रूप से यादा परिश्रम करना जैसी बातों को शामिल करना होगा।**

# मेनोपॉज एक ऐसा समय जब बड़ो को है आपकी देखभाल की जरूरत



सबकी चिंता करना, सबका ख्याल रखना यह जिम्मेदारियां सिर्फ मां के हिस्से में ही आई हैं। मगर एक ऐसा समय भी आता है जब मां को देखभाल की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। अभी आप युवा हैं। इसके बावजूद बहुत सारे तनावों और चुनौतियों का सामना कर रहीं हैं। और आपको सपोर्ट करने के लिए आपकी मम्मी हरदम मौजूद रहती हैं। पर क्या आपने कभी सोचा है कि अब आपकी मां को भी आपकी सपोर्ट और देखभाल की जरूरत है? खासकर जीवन के उस चरण पर जब उन्हें आपकी सबसे ज़्यादा ज़रूरत होती है जैसे ङ्क मेनोपॉज। जी हांज किसी भी महिला के जीवन के कुछ महत्वपूर्ण चरणों में से एक है मेनोपॉज। रजोनिवृत्ति एक ऐसा समय है, जब महिलाओं के स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होती है। तो इस मदर्स डे जानिए उन चुनौतियों के बारे में जो इस समय आपकी मां फेस कर रहीं हैं। और उनकी मदद कीजिए, क्योंकि सेहत, प्यार और देखभाल ही किसी के लिए भी सबसे बड़ा तोहफा हो सकता है। आज हेल्थशॉट्स के इस लेख में हम जानेंगे कि माताओं को मेनोपॉज के दौरान अपना ख्याल कैसे रखना चाहिए। आपकी सेहत पर ही पूरे परिवार की सेहत निर्भर करती है। इसलिए इस दौरान सबसे पहले खुद के बारे में सोचें और अपना खास ख्याल रखें। इसी बारे में बात करने के लिए हमने मसीना अस्पताल, भायखला, मुंबई की प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. भूमिका कोटेचा मुंडे से बात की। जानिए वे इस बारे में क्या बता रहीं हैं।

**मेंटल हेल्थ के लिए चुनौतीपूर्ण समय है मेनोपॉज**-डॉ. भूमिका का कहना है कि हर मां के लिए मेनोपॉज जीवन का एक चुनौतीपूर्ण समय होता है। ऐसे में बच्चों और घर परिवार वालों का ध्यान रखना अपने करीयर का ख्याल रखना सब काफी मुश्किल हो सकता है। इसकी वजह से उन्हें एंग्जाइटी महसूस हो सकती है और उल्टी भी आती है। इस समय उन्हें तनाव मुक्त रखने का प्रयास करें। उनकी मेंटल हेल्थ पर ही सारे परिवार की मेंटल हेल्थ टिकी है, इस बात को समझें और उनका ख्याल रखें।

**हेल्दी रुटीन फॉलो करवाएं**-अच्छी नींद लेना, व्यायाम करना, अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करना, यह सब बहुत ज़रूरी है। साथ ही, अपने शरीर को मध्य जीवन परिवर्तनों से निपटने का मौका देने के लिए स्वस्थ भोजन करना बहुत ज़रूरी है।

हेल्दी रुटीन फॉलो करवाने में आप उनकी मदद कर सकती हैं।

**2 व्यायाम में शामिल करें**-यह अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए सबसे अच्छी टिप्स में से एक है। रजोनिवृत्ति के दौरान, हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, ऐसे में हड्डियों की ताकत बढ़ाने के लिए व्यायाम विशेष रूप से सहायक है। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य की भी देखभाल करेगा और चिंता को कम कर सकता है।

**3 शराब और धूम्रपान का सेवन कम करें**-धूम्रपान हॉट फ्लैशेज को ट्रिगर करता है और हृदय रोग और ऑस्टियोपोरोसिस के जोखिम को भी बढ़ाता है। साथ ही शराब भी हॉर्मोनल असंतुलन का कारण बनती है। इसलिए इसे छोड़ना ही बेहतर है।

**4 'मी टाइम' के लिए समय निकालें**-रजोनिवृत्ति के दौरान, शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं, और यह बहुत महत्वपूर्ण है कि आप अपना ख्याल रखने एक लिए खुद को समय दें। यदि आपको कोई एक्टिविटी पसंद हो तो वो करें इससे आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस टाइम में आप अपनी दोस्त से मिलने भी जा सकती हैं यह आपकी मेंटल हेल्थ को भी ठीक रखेगा।

डॉ. भूमिका बताती हैं कि कई महिलाओं को हॉट फ्लैशेस, चिंता, नींद न आना, वजन बढ़ना और योनि में सूखापन का अनुभव होता है। तो लक्षण ज्यादा गंभीर होने पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर की मदद लें।

## धारव हाई स्कूल में स्टूडेंट काउंसिल 2026-27 के लिए शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**दैनिक अधिकार/ जयपुर।** धारव हाई स्कूल, जयपुर ने एकेडमिक सेशन 2026-27 के लिए स्टूडेंट काउंसिल का शपथ ग्रहण समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया। इसके साथ ही एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह भी हुआ, जिसमें अजमेर रोड़ और विद्याधर नगर, दोनों कैंपस के स्टूडेंट्स शामिल हुए। इस मौके पर नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल का औपचारिक गठन किया गया और एकेडमिक्स में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।समारोह में डायरेक्टर अदिति मिश्रा, धारव हाई स्कूल विद्याधर नगर की प्रिंसिपल रितु शर्मा एंड धारव हाई स्कूल, अजमेर रोड़, जयपुर की प्रिंसिपल निशी धंजल के साथ अन्य आमंत्रित अतिथि, शिक्षक, स्टूडेंट्स और पैरेंट्स मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद नेशनल सॉन्ग की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर दोनों कैंपस के स्टूडेंट्स एक साथ नजर आए, जिससे पूरे माहौल में जिम्मेदारी और भागीदारी की भावना साफ दिखाई दी।समारोह के दौरान नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियां औपचारिक रूप से सौंपी गईं। काउंसिल मेंबर्स ने अनुशासन, ईमानदारी, लीडरशिप और सेवा जैसे मूल्यों को निभाने की शपथ ली, साथ ही स्कूल कम्युनिटी के प्रति सकारात्मक योगदान देने का संकल्प भी लिया। यह आयोजन स्टूडेंट्स को यह समझाने का एक अवसर बना कि लीडरशिप सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि अपने साथियों, शिक्षकों और संस्थान के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।इस अवसर पर धारव हाई स्कूल की डायरेक्टर अदिति मिश्रा ने कहा, शपथ ग्रहण समारोह स्टूडेंट्स के सफर का एक अहम पड़ाव होता है, जहां उन्हें जिम्मेदारी, टीमवर्क और अकाउंटेबिलिटी का अनुभव मिलता है। स्कूल लाइफ सही में जीवन का सबसे बेहतरीन फेज होता है, जो ऐसी यादें और अनुभव देता है जो जिंदगी भर साथ रहते हैं। स्टूडेंट काउंसिल के माध्यम से हमारा उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स सोच-समझकर फैसले लेने वाले लीडर बनें और अपने साथियों का प्रतिनिधित्व ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ कर सकें।÷कार्यक्रम का समापन नेशनल एंथम के साथ हुआ, जिसके साथ समारोह का औपचारिक समापन किया गया। इस पूरे इवेंट ने स्कूल के दोनों कैंपस में स्टूडेंट पार्टिसिपेशन, लीडरशिप डेवलपमेंट और एकेडमिक रिकग्निशन पर लगातार फोकस को दर्शाया।

## एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए कैम्प फ्यूचर आयोजित किया

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा में इनोवेशन लाने वाली-एनआईआईटी यूनिवर्सिटी (एनयू) ने 'कैंप फ्यूचर ' का आयोजन किया। यह उन छात्रों के लिए एक अनोखी दो-दिवसीय पहल थी, जिन्होंने हाल ही में 12वीं कक्षा पूरी की थी। इस कार्यक्रम ने छात्रों और उनके माता-पिता को कॉलेज शुरू होने से पहले कैंपस जीवन का अनुभव करने, करियर के विभिन्न रास्तों को जानने और यूनिवर्सिटी जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव लेने का अवसर प्रदान किया।इस वर्ष 'कैम्प फ्यूचर' का पहला संस्करण 25 और 26 अप्रैल 2026 को एनयू कैंपस में आयोजित किया गया था। नीमराना कैंपस में आयोजित इस दो-दिवसीय कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्रों और उनके माता-पिता ने भाग लिया। इसका अगला संस्करण मई 2026 के दूसरे सप्ताह में निर्धारित है। जिन छात्रों ने 'कैम्प फ्यूचर' में भाग लिया था, उन्हें एनयू में विभिन्न विषयों में पहले ही प्रवेश मिल चुका है। इस अनोखी पहल पर बोलते हुए, एनयू के अध्यक्ष प्रो. प्रकाश गोपालन ने कहा, ÷सही कॉलेज और शैक्षणिक कार्यक्रम का चयन करना एक छात्र के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है, क्योंकि यह उनके भविष्य के करियर पाथ को काफी हद तक प्रभावित कर सकता है। छात्रों और उनके परिवारों को इस चुनाव को अधिक आत्मविश्वास के साथ करने में मदद करने के लिए, हमें 'कैम्प फ्यूचर' प्रस्तुत करते हुए गर्व हो रहा है—यह एक गहन दो-दिवसीय अनुभव है जिसे विशेष रूप से एनयू के इच्छुक छात्रों और उनके माता-पिता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उन्हें कैंपस घूमने, एनयू में जीवन का अनुभव करने और अपने आगे की यात्रा की कल्पना करने का अवसर प्रदान करता है।÷ एनयू नए ज़माने के प्रोग्राम जैसे बी टेक. आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और डाटा साइंस. बी टेक साइबर सिक्योरिटी, बी टेक रोबोटिक और आटोमेशन, बी टेक बीआईओ टेक्नोकोलोजी ऑफर करता है। इन्हें इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि छात्रों को भविष्य की दुनिया में काम करने के लिए ज़रूरी स्किल्स मिल सकें। 12वीं क्लास के बाद छात्र कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में बीटेक , इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक , 3 साल का बीबीए, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस में बीबीए, बिज़नेस एनालिटिक्स में बीबीए और 5 साल का इंटीग्रेटेड मास्टर्स इन बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन प्रोग्राम भी चुन सकते हैं।

## एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर के कैम्पस बीट्स रिटर्न्स में दिखेगी भूली-बिसरी मोहब्बत और दूसरे मौके की कहानी, ट्रेलर हुआ रिलीज़

**मुंबई।** भारत में सिर्फ विज्ञापनों के सहारे, मुफ़्त में प्रीमियम वीडियो स्ट्रीमिंग सेवाओं की पेशकश करने वाले सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर ने आज दर्शकों का इंतज़ार खत्म करते हुए कैम्पस बीट्स रिटर्न्स का ट्रेलर रिलीज़ किया है, जिसे पिछले पाँच सीज़न में लोगों का बेहिसाब प्यार मिला है। बनिजय एशिया द्वारा प्रोड्यूस की गई इस सीरीज़ को पाल्की मल्होत्रा ने लिखा और क्रिएटिवली प्रोड्यूस किया है, जबकि अनिरुद्ध राजदेरकर इसके डायरेक्टर हैं। इसमें शांतनु माहेश्वरी, श्रुति सिन्हा, सहज सिंह चहल, दीपांकना दास, अदनान अहमद जैसे कई जाने-माने कलाकारों ने मुख्य किरदार निभाए हैं, साथ ही पारस कलनावत, चांदनी शर्मा और सुवंश धर जैसे कलाकार भी पहली बार इस फ़्रैंचाइज़ी में अहम किरदारों में नज़र आने वाले हैं। अपने दायरे को बढ़ाने के साथ-साथ जज्बातों को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हुए, फ़ैन्स की ये पसंदीदा फ़्रैंचाइज़ी इस बार पहले से कहीं बड़े और दमदार अंदाज़ में वापसी कर रही है। इस बार इस सीरीज़ में दिल, ड्रामा और डांस तो ज्यादा है ही, पर खास बात ये है कि इस बार कहानी सिर्फ आगे नहीं बढ़ती, बल्कि एक नया मोड़ लेती है।




प्यार के नए अंदाज़ के साथ, इस ट्रेलर में ईशान और नेत्रा के सफ़र में जज्बातों से भरे मोड़ की एक झलक देखने को मिलती है। अभी उनके प्यार की शुरुआत होने ही वाली थी कि तकदीर ने सारा खेल बदल दिया। अब नेत्रा अपनी ज़िंदगी की नई शुरुआत करना चाहती है और सुमेर के रूप में उसे एक नया प्यार मिल गया है। ईशान भी उसे वापस लाने की जिद में उसके पीछे जाता है, पर अब ज़िंदगी में नए रिश्ते बनने लगे हैं। और आगे कहानी में जो कुछ भी होता है, वह प्यार, उलझन और बदलते रिश्तों का एक मिला-जुला रूप है, जहाँ बीता हुआ कल पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। इस मौके पर एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर के कंटेंट हेड, अमोघ दुसाद ने कहा,÷कैम्पस बीट्स फ्रैंचाइज़ी ने युवाओं के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाई है, और यह एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर पर सबसे लंबे समय तक चलने वाली फ्रैंचाइज़ी भी रही है। इस नए चैप्टर के साथ, हमने और भी आगे बढ़कर काम किया है, क्योंकि इसमें हमने दिल को छू लेने वाले जज्बातों, धमाकेदार डांस और दिलचस्प ट्विस्ट को एक साथ प्रस्तुत किया है, जो आज के दर्शकों को बेहद पसंद आते हैं। हमें दर्शकों के सामने इसका नया सीज़न पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जिसे वे एमेज़ॉन एमएक्स प्लेयर पर बिल्कुल मुफ़्त में देख सकते हैं।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह
## हर टीके के साथ जीवन की सुरक्षा

**दैनिक अधिकार/ जयपुर।** टीकाकरण स्वास्थ्य सुरक्षा के सबसे प्रभावी उपायों में से एक है, फिर भी जागरूकता की कमी के कारण कई लोग आज भी जोखिम में हैं। टीकाकरण न केवल व्यक्तियों को घातक बीमारियों से बचाता है, बल्कि समुदाय में रोगों के प्रकोप को भी रोकता है।भारत में यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम के प्रभावी क्रियान्वयन से उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसके तहत पूर्ण टीकाकरण दर 90त्न से अधिक हो चुकी है। वर्तमान में उपयोग में आने वाले टीके केवल एक ही बीमारी से नहीं, बल्कि कई गंभीर बीमारियों जैसे खसरा, पोलियो, तपेदिक (टीबी) और हेपेटाइटिस से भी सुरक्षा प्रदान करते हैं। टीकाकरण की अपर्याप्तता से इन घातक बीमारियों के दोबारा फैलने का खतरा बढ़ जाता है।डॉ. संजय चौधरी, सीनियर कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक्स, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समय पर टीकाकरण, लक्षण, निदान, उपचार और रोकथाम पर जानकारी साझा करते हैं।

**टीकाकरण से रोकी जा सकने वाली बीमारियों के लक्षण**

* लगातार तेज बुखार
* त्वचा पर चकत्ते (खसरा, रूबेला में सामान्य)
* सांस लेने में कठिनाई (डिफ्थीरिया, काली खांसी)
* दस्त (रोटावायरस)
* न्यूरोलॉजिकल लक्षण जैसे दौरे (दुर्लभ लेकिन गंभीर)

**निदान और उपचार**

अधिकांश वैक्सीन-प्रिवेंटेबल बीमारियों का निदान निम्न माध्यमों से किया जाता है

* क्लिनिकल परीक्षण
* रक्त जांच या लैब पुष्टि
* गंभीर मामलों में इमेजिंग या सहायक जांच

उपचार प्रायः लक्षणों को नियंत्रित करने पर आधारित होता है, जिसमें शामिल हैं

* बुखार के लिए एंटीपायरेटिक दवाएं
* पर्याप्त तरल और पोषण
* सेकेंडरी संक्रमण के लिए एंटीबायोटिक्स
* गंभीर मामलों में अस्पताल में भर्ती

**कौन हैं अधिक जोखिम में?**

* शिशु और छोटे बच्चे
* गर्भवती महिलाएं
* बुजुर्ग व्यक्ति
* कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग
* जिनका टीकाकरण पूरा नहीं हुआ है या आंशिक रूप से हुआ है

# पश्चिम बंगाल चुनावी दौरे के दौरान भाजपा नेता दिनेश जोशी ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ रोड़ शो में हुए शामिल

## बंगाल में भाजपा की सरकार बनना तय -जोशी

भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दस दिवसीय चुनावी दौरे के बाद लक्ष्मनगढ पहुंचे भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी ने बंगाल में भाजपा की सरकार बनने का दावा करते हुए अपनी चुनावी दौरे के अनुभवों को साझा करते हुए मीडिया को बताया कि पश्चिमी बंगाल में इस बार मतदाताओं का रूझान पूरी तरह भाजपा के पक्ष में है तथा पश्चिम बंगाल के मतदाता इस बार टीएमसी को सबक सिखाकर के भाजपा की सरकार बनाने के मूड में हैं ।

पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जगतदल विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर गए जोशी ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी के रूप में झुंझुनूं जिले के मुकुंदगढ़ हाल कोलकाता निवासी सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डॉ राजेश कुमार सुरोलिया चुनाव लड रहे हैं। उक्त विधानसभा क्षेत्र में करीब एक लाख 98 हजार मतदाता है जिनमें 7 प्रतिशत मुस्लिम



मतदाता है। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार अभियान के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के साथ जगतदल विधानसभा क्षेत्र में रोड़ शो में शामिल हुए वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बाली से भाजपा प्रत्याशी संजय सिंह व हावड़ा उत्तर से उमेश राय की चुनावी सभा में मंच साझा किया। इस दौरान दस दिवसीय दौरे के दौरान केन्द्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, मेरठ से एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष श्रीमती रीता शास्त्री के साथ जनसंपर्क, बूथ मैनेजमेंट व नुक्कड़ सभाओं के दौरान मतदाताओं से संपर्क करने पर भाजपा के पक्ष में पूरी तरह माहोल दिखा जो बंगाल में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है। पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी ने बंगाल में दो चरणों के चुनाव प्रचार अभियान में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा कर लक्ष्मणगढ़ आगमन पर बताया कि इस दौरान शेखावाटी सहित प्रवासियों से व्यक्तिगत मुलाकात कर भाजपा को वोट देने की अपील की। बंगाल में दूसरे चरण के लिए मतदान 29 अप्रैल को है।

# शाहपुरा में लोक देवता श्री वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा तैयारी जोरों पर

## 1 मई को कलश यात्रा 3 मई को प्राण प्रतिष्ठा

भीम प्रज्ञा न्यूज़.पलसाना।

**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्व एवं आदर्श ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा के नवनिर्मित श्री सत्यवादी वीर तेजाजी धाम में तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होगा। श्री वीर तेजाजी महाराज सेवा समिति शाहपुरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वासियों एवं श्री वीर तेजाजी महाराज सेवा समिति शाहपुरा के द्वारा 1 मई शुक्रवार को प्रातः 7: 15 बजे सुसज्जित महिलाओं के द्वारा डीजे के साथ विराट कलश यात्रा ग्राम के प्रमुख मार्गो से होकर निकाली जाएगी। कलश यात्रा का विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया जाएगा। 2 मई शनिवार को प्रातः से यज्ञ हवन एवं शाम 5 बजे से रात्रि 1 बजे तक भामाशाहों का सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। 3 मई रविवार को अभिजीत मुहूर्त में विद्वान पंडितों के द्वारा लोक देवता श्री सत्यवादी वीर




तेजाजी महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति कन्या पूजन प्रसाद वितरण भंडारे का आयोजन होगा। रात्रि में सुप्रसिद्ध गायक सुरज्ञान सैनी लालसोट, डांसर प्रिया मारवाड़ी एवं डांसर लक्की राजस्थानी , राजस्थान के सुप्रसिद्ध तेजा गायन के सिरमौर नरेंद्र मुड़वाडिया एंड पार्टी के द्वारा रंगारंग भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। ग्राम पंचायत मुख्यालय शाहपुरा के इतिहास में प्रथम बार आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक,भव्य व धार्मिक अनुष्ठान को लेकर ग्राम जनता में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। रात्रि कार्यक्रम में अशोक छैला, खुशी चौधरी, सलमान मालपुरा, गोरी सैनी, भंवर लेगा, सिमरन जयपुर सहित अनेक लोक कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर श्री वीर तेजाजी महाराज को रिझाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्री वीर तेजा भक्तों एवं ग्राम वासियों के द्वारा पूर्व तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# वीरगांव के लाडले रोशनलाल मीना ने बढ़ाया मान, एसबीआई बैंक में चीफ मैनेजर से अब बने सहायक महाप्रबंधक

भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर/मंडावर।

**मनोज खंडेलवाल ।** 'हौसलों के तरकश में कोशिश का वो तीर जिंदा रख, हार जाए चाहे जिंदगी में सब कुछ मगर फिर से जीतने की उम्मीद जिंदा रख।' इसी जीवंत उम्मीद और कड़ी मेहनत की बदौलत दौसा जिले की मंडावर तहसील के छोटे से गांव वीरगांव के लाल रोशनलाल मीणा ने सफलता का वो परचम लहराया है, जिससे आज पूरा इलाका फख्र से सीना ताने खड़ा है। भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में अपनी विशिष्ट सेवाओं और बेदाग कार्यप्रणाली के दम पर रोशनलाल मीणा ने चीफ मैनेजर (स्केल-4) से सहायक महाप्रबंधक (तरू- स्केल-5) के पद पर पदोन्नति पाकर न केवल बैंकिंग जगत में अपनी धमक पैदा की है, बल्कि ग्रामीण प्रतिभा का लोहा भी मनवाया है। राजधानी जयपुर में कार्यरत मीणा



अपनी कार्यकुशलता और बैंकिंग के लंबे अनुभव के लिए एक मिसाल माने जाते हैं और यही कारण है कि बैंक प्रबंधन ने उनकी काबिलियत पर भरोसा जताते हुए उन्हें यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जैसे ही वीरगांव में स्वर्गवासी जौहरी मीणा के सुपुत्र रोशनलाल के एजीएम बनने की खबर पहुंची, मानो गांव में दिवाली जैसा जश्न का माहौल हो गया। अपनों की इस तरक्की पर ग्रामीणों, मित्रों और रिश्तेदारों का तांता लग गया। 'मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे' वाली कहावत को सच करते हुए रोशनलाल ने अपनी इस उपलब्धि का सारा श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और अपने स्वर्गीय बड़े भाई श्रीकिशन मीणा के पदचिन्हों को दिया है, जिन्होंने उन्हें हमेशा ईमानदारी और नेक राह पर चलने का संस्कार दिया। इस ऐतिहासिक कामयाबी के पीछे उनके बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों और साथियों का सकारात्मक मार्गदर्शन व सहयोग भी पत्थर की लकीर साबित हुआ, जिसने उन्हें सही दिशा में पसीना बहाने का हौसला दिया। इस गौरवशाली अवसर पर रोशनलाल मीणा ने पूरी विनम्रता के साथ कहा कि बैंक ने उन पर जो अटूट विश्वास दिखाया है, वे उस पर खरा उतरते हुए बैंक की प्रगति और आमजन की सेवा के लिए चौबीसों घंटे समर्पित रहेंगे। उनका मानना है कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, निरंतर प्रयास और धैर्य ही इंसान को शिखर तक ले जाता है। आज वीरगांव का बच्चा-बच्चा गौरवान्वित है कि उनके बीच से निकला एक साधारण व्यक्तित्व अपनी लगन और अनुशासन की धार से राष्ट्रीय स्तर के बैंक में उच्च पद पर आसीन हुआ है। अब वे अपने नए दायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने के लिए कमर कस चुके हैं, ताकि बैंकिंग सेवाओं के जरिए समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक खुशहाली पहुंचा सकें। सच ही कहा गया है कि 'मंजिलें उन्हीं को मिलती हैं जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है।'

# 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान का मंडावा विधानसभा में हुआ शुभारंभ

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** अंत्योदय की दृष्टि से अन्तिम व्यक्ति तक विकास की योजनाएं को पहुंचाने, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों पशुपालको,महिलाओं की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने हेतु ग्राम रथ अभियान एलईडी वैन का शुभारंभ महनसर ग्राम पंचायत से किया गया। इसके पश्चात एलईडी वैन भीखण सर, टाई, कमालसर में पहुंची। उक्त अभियान में पूर्व सांसद नरेंद्र खीचड़ ने भाग लिया तथा आमजन को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही किसानों ,पशुपलको,युवा, महिला सबंधित योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व सांसद खीचड़ ने ग्रामीणों को बताया की राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प को साकार करने हेतु तथा किसानों की आय बढ़ाने हेतु मजबूत इको सिस्टम विकसित कर रही है। कृषि क्षेत्र में निवेश की अनेक संभावनाएं है इस हेतु सरकार ग्राम मीट 2026 का आयोजन करने जा रही है। राज्य सरकार 'विकसित राजस्थान@ 2047 'के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का रोडमैप बनाकर ही ग्राम रथ अभियान ,और' मुख्यमंत्री विकसित ग्राम अभियान 'चला रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का मास्टर प्लान बनाकर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके जिसको लेकर जनसहयोग की भी जरूरत है और अधिकारी जनप्रतिनिधि



फील्ड में जाएंगे तब ही जनता की आकांक्षा, समस्याओं को समझेंगे और समाधान करेंगे । इस दौरान ग्रामीणों से सुझाव पेटिका में सुझाव भी लिए गए ताकि उनकी समस्याओं और आंकछाये का समाधान प्रशासन द्वारा किया जा सके और जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त लोक कलाकारों के 'कला जत्था 'द्वारा सरकार की योजनाओ का सरल भाषा में अपनी प्रस्तुति दी ताकि आमजन सरकारी योजनाओं को समझ कर उनका लाभ उठा सके ।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान खंड विकास अधिकारी अमित चौधरी, सहायक विकास अधिकारी राजेश सैनी, श्रीराम महिच और 13 विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

# विद्यालय में पर्यावरण चेतना की अलख-विद्यार्थियों को शुद्धता, संरक्षण और जीवदया का दिया संदेश

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** सरदार हरलाल सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमानपुरा में पर्यावरण एवं जन जागृति संस्थान, लुमास के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को वायु, जल और भोजन की शुद्धता, उनके संरक्षण एवं सही उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

हिंदुस्तान स्काउट एवं गाइड के जिला अधिकारी प्रदीप ईशरवाल तथा पर्यावरण समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा (लुमास) ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शादी-विवाह जैसे आयोजनों में भोजन के दुरुपयोग और उससे होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। उन्होंने भोजन करने के सही तरीके और भोजन की महत्ता समझाते हुए अपव्यय रोकने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पक्षियों के संरक्षण पर



भी विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पक्षियों के लिए दाना-चुग्गा और पानी के परिंडों की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए। प्रधानाचार्य जवाहर लाल काला, सहायक अध्यापक रोतास कुमार और पुस्तकालयाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और जीवों के प्रति दयाभाव रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी को प्राणी मात्र के साथ सद्व्यवहार करना चाहिए और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार से बचना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उप-प्रधानाचार्य तनेश कुमार ने समिति के अध्यक्ष संजय शर्मा और प्रदीप ईशरवाल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे और कार्यक्रम से लाभान्वित हुए।

# 'पिलानी ब्लॉक में कम्प्यूटर अनुदेशक संगठन की बैठक: नई कार्यकारिणी का गठन, समस्याओं के समाधान पर बना रोडमैप '

भीम प्रज्ञा न्यूज.पिलानी।

पिलानी ब्लॉक में कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशकों की महत्वपूर्ण बैठक 25 अप्रैल को आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और अनुदेशकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अजीत सिंह शेखावत और विनय चौधरी ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान बड़ी संख्या में कम्प्यूटर अनुदेशक मौजूद रहे और सभी ने एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यक्षेत्र में आ रही चुनौतियों को साझा करना और उनके समाधान के लिए सामूहिक रणनीति तैयार करना रहा। अनुदेशकों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि संगठन के मजबूत होने से ही उनकी आवाज प्रभावी ढंग से प्रशासन तक पहुंचाई जा सकती है। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से पिलानी ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अजीत सिंह शेखावत को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई, जबकि सुकेन्द्र को ब्लॉक उपाध्यक्ष और दीपिका सैनी को महिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सुरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष तथा रौनक शर्मा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थित सदस्यों ने स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अजीत सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की ताकत उसकी एकता में होती है और जब सभी अनुदेशक एक मंच पर आएंगे, तभी उनकी समस्याओं का समाधान संभव हो पाएगा। उन्होंने सभी साथियों से संगठन को मजबूत




करने और सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उपाध्यक्ष सुकेन्द्र ने संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में सूरजगढ़ और चिड़ावा ब्लॉक में होने वाली बैठकों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पूरे क्षेत्र में संगठन को मजबूत आधार मिल सके। उन्होंने कहा कि अनुदेशकों की समस्याओं को बड़े स्तर पर उठाने के लिए आपसी समन्वय और सहयोग बेहद जरूरी है।बैठक में भविष्य की रणनीति को लेकर भी सहमति बनी कि नियमित अंतराल पर बैठकों का आयोजन किया जाएगा और अनुदेशकों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि संगठन के माध्यम से ही उनके अधिकारों की रक्षा और समस्याओं का स्थायी समाधान संभव है। इस बैठक ने न केवल संगठन को नई दिशा दी, बल्कि अनुदेशकों में एक नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश भी दिया। आने वाले समय में संगठन की सक्रियता से पिलानी ब्लॉक के कम्प्यूटर अनुदेशकों की आवाज और अधिक मजबूती के साथ सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# नीमराना में 10 मई को सजेगा बाबा गरीब नाथ मेला

## 30 अप्रैल को होगी तैयारी बैठक, मेला कमेटी ने सभी भक्तजनों को किया आमंत्रित


भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** कस्बे के प्रसिद्ध श्री श्री 1008 बाबा गरीब नाथ मेला इस वर्ष 10 मई को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर 30 अप्रैल बुधवार को शाम 5:00 बजे एक आवश्यक बैठक बुलाई गई है। मेला कमेटी अध्यक्ष एन. आर. निंबोरिया ने सभी भक्तजनों एवं समिति सदस्यों से बैठक में समय पर पहुंचकर अपने सुझाव देने की अपील की है। श्री बाबा गरीब नाथ मेला कमेटी नीमराना के अध्यक्ष एन. आर. निंबोरिया ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा गरीब नाथ का वार्षिक मेला 10 मई को आयोजित होगा। मेले को सुव्यवस्थित, भव्य एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए 30 अप्रैल को शाम 5 बजे बैठक रखी गई है। बैठक में मेले की पूर्व तैयारियों, व्यवस्थाओं, सुरक्षा, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। मेला कमेटी ने सभी समिति सदस्यों, पदाधिकारियों, भक्तजनों एवं कस्बेवासियों से अपील की है कि वे बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव दें, ताकि मेले का आयोजन सफल एवं सुचारू रूप से हो सके। बाबा गरीब नाथ मेले में हर वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। निवेदकः एन. आर. निंबोरिया, अध्यक्ष, श्री बाबा गरीब नाथ मेला कमेटी नीमराना।

# कांग्रेस नेता के चाचा का निधन, क्षेत्र में शोक

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।

**मनोज बुलाण ।** कांग्रेस नेता महेंद्र सिंह राता के चाचा एवं राता खुर्द के पूर्व सरपंच धर्म चंद यादव का मंगलवार को 75 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। धर्म चंद यादव वर्ष 2016 से 2021 तक राता खुर्द के सरपंच रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव में अनेक विकास कार्य करवाए और लोगों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए। वे अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सामाजिक कार्यों में



सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे। ग्रामीणों के अनुसार धर्म चंद यादव हमेशा लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते और उनका समाधान करवाने का प्रयास करते थे। उनके नेतृत्व में गांव में कई जनहित कार्य संपन्न हुए, जिससे उन्हें एक जनप्रिय सरपंच के रूप में पहचान मिली। उनके निधन से क्षेत्र ने एक अनुभवी,कर्मठ और समाजसेवी व्यक्तित्व को खो दिया है। शोक संतप्त परिवार के प्रति क्षेत्र के गणमान्य लोगों व ग्रामीणों ने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# पीएम सूर्य घर योजना में रजिस्ट्रेशन को लेकर शिविर 30 अप्रैल को व 150 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली योजना

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** पीएम सूर्य घर योजना में रजिस्ट्रेशन को लेकर पोस्टर विमोचन व शिविर 30 अप्रैल को बिसाऊ रोड लकी इंटरप्राइजेज सोलर ऑफिस मंडावा में आयोजित होगा लकी इंटरप्राइजेज की ओर से उपभोक्ताओं को हर घर सोलर लगवाने को लेकर जागरूक व प्रेरित किया जाएगा शिविर में पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत लगने वाले कनेक्शन का रजिस्ट्रेशन कर बैंक से मिलने वाले लोन की भी जानकारी दी जाएगी दलीप सिंह वाहिदपुरा ने बताया कि सीवर में विद्युत विभाग से एईन सजेंस मील जैईन अजय जांगिड़ के अलावा एसबीआई व बीओबी बैंक के कर्मचारी भी मौजूद रहेंगे राजस्थान में डेढ़ सौ यूनिट बिजली फ्री पाने के लिए मुख्य रुप से मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना रूफटॉप सोलर के साथ संचालित है इसके तहत पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के माध्यम से छत पर सोलर पैनल लगवाने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा डेढ़ सौ यूनिट प्रतिमा तक निशुल्क बिजली दी जा रही है योजना में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर लगवाने होंगे 1*1 किलोवाट का सोलर पैनल लगाने पर 17000 की अतिरिक्त राज्य सरकार सब्सिडी दी जा रही है उपभोक्ताओं को डेढ़ सौ यूनिट प्रतिमा निशुल्क बिजली योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए बना सहारा: आयुष चिकित्सालय मंडावा में परिंदे बांधकर दिया सेवा का संदेश

### चिकित्सकों और कार्मिकों ने मिलकर चलाया विशेष अभियान, जल व दाना व्यवस्था कर जीव सेवा का दिया प्रेरणादायक उदाहरण

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसानों के साथ-साथ पक्षियों के लिए भी पानी और भोजन की समस्या गहराती जा रही है, वहीं आयुष चिकित्सालय मांडव द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए पक्षियों की सेवा हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत चिकित्सालय परिसर में पेड़ों पर परिंदे (पानी के पात्र) बांधे गए तथा चुग्गा पात्र भी विभिन्न स्थानों पर रखे गए, ताकि पक्षियों को आसानी से पानी और दाना उपलब्ध हो सके। इस मौके पर आयुर्वेद, होम्योपैथिक और यूनानी विभाग के चिकित्सकों, जनता क्लिनिक के स्टाफ तथा अन्य कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर न केवल परिंदे लगाए,



बल्कि नियमित रूप से उनमें पानी और दाना भरने का संकल्प भी लिया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए पानी की अत्यधिक आवश्यकता होती है। ऐसे में यह छोटा सा प्रयास उनके जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने पक्षियों की सेवा को श्रेष्ठ पुण्य कार्य बताते हुए आमजन से भी अपील की कि वे अपने घरों, छतों और आसपास के स्थानों पर पानी और दाना अवश्य रखें।

इस अभियान में डॉ. अनीता चौधरी (प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. विकास कुमार (चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. इंदु (चिकित्सा अधिकारी, आयुर्वेद), डॉ. पूनम (चिकित्सा अधिकारी, होम्योपैथिक), डॉ. सिकंदर अली (चिकित्सा अधिकारी, यूनानी) सहित सुनीता कुमारी, अमन बुडानिया, आशीष कुमार शर्मा, राजेश कुमावत, विकास कुमार, मनोज रेवारी, एकता गुर्जर, अशोक कुमार, कृष्णा, मोहित तथा पर्यावरण प्रेमी व पक्षी मित्र संजय शर्मा सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने यह संदेश दिया कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता ही मानवता की सच्ची पहचान है। इस प्रकार के छोटे-छोटे प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और सेवा भाव को भी बढ़ावा देते हैं। अंत में सभी ने संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से इस अभियान को जारी रखेंगे और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़कर पक्षियों की सेवा के इस पुनीत कार्य को आगे बढ़ाएंगे।

**कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति चिड़ावा**

कमांक-26 दिनांक- 27.04.2026

**खुली निविदा सूचना 01/2026-27**

इस कार्यालय की NIB No.- ZJU2627A0095 एवं UBNNO ZJ2627WSOB00115 द्वारा निविदा आमंत्रित की गई है। जिसे http//sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यक्रम अधिकारी एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति चिड़ावा**

# खाकी का 'एंटी वेनम' प्रहारः गांजा तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़, दो और शातिर पुलिस के हत्थे

## महवा पुलिस की बड़ी स्ट्राइक; सलाखों के पीछे पहुंचे तस्करी के सौदागर, सरगनाओं की तलाश तेज




**भीम राव न्यूज.महवा/बालाहेडी।**

**मनोज खंडेलवाल ।** इलाके में नशे के काले कारोबार की जड़ें खोदने के लिए पुलिस ने अब अपनी 'एंटी वेनम' मुहिम को और तेज कर दिया है। जयपुर रेंज आईजी के निर्देश पर नशे के सौदागरों के खिलाफ छेड़े गए इस महाभियान के तहत बालाहेडी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए संगठित तरीके से मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वाले दो और शातिर अपराधियों को दबोच लिया है। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के कड़े सुपरविजन और बालाहेडी थानाधिकारी सत्यनारायण के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने जाल बिछाकर भाग्यशाली योगी और राधेश्याम मीना को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। यह पूरी कार्यवाही थाना महवा में दर्ज मुकदमा संख्या 186/26 के तहत की गई है, जिसमें पुलिस पहले ही करीब पौने दो किलो (1745 ग्राम) अवैध गांजा बरामद कर चुकी है। पुलिस की इस पैनी कार्यवाही ने नशे के कारोबारियों में हड़कंप मचा दिया है। गौरतलब है कि इसी प्रकरण में पुलिस की टीम पहले ही फूलसिंह सैनी और मनोज सैन जैसे चेहरों को बेनकाब कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। अब पकड़े गए आरोपी भाग्यशाली पुत्र बद्रीप्रसाद योगी (48) निवासी बडीन कमालपुरा और राधेश्याम पुत्र जगदीशप्रसाद मीना (35) निवासी गणेश विहार कॉलोनी से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। इन तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 और बीएनएस की धारा 111 (3) के तहत कानूनी शिकंजा कसा गया है। पुलिस अब इस पूरे संगठित गिरोह की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है कि आखिर इस अवैध नशे की खेप के तार और कहां-कहां जुड़े हुए हैं।

# नगरपालिका कनीना उपचुनावः विकास और सुमेर सिंह यादव ने लिया अपना नामांकन पत्र वापिस

## नामांकन वापसी के बाद 6 प्रत्याशी मैदान में

### उम्मीदवारों को किए चुनाव चिन्ह आवंटित



**भीम प्रज्ञा न्यूज.कनीना।**

नगरपालिका कनीना के वार्ड संख्या 14 में होने वाले उपचुनाव के तहत आज नामांकन पत्र वापसी की प्रक्रिया निर्धारित समयानुसार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान विकास और सुमेर सिंह यादव ने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए।

चुनाव रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 से 25 अप्रैल तक कुल 8 नामांकन पत्र प्राप्त हुए थे, जिनकी 27 अप्रैल को हुई जांच (स्क्रूटनी) में सभी नामांकन वैध पाए गए थे। आज नाम वापसी के बाद अब कुल 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में शेष रह गए हैं। उन्होंने बताया कि नाम वापसी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सभी शेष प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। अब उपचुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को मतदान कराया जाएगा तथा 13 मई को मतगणना होगी। प्रशासन द्वारा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम (संपर्क नंबरः 01285-294030) सक्रिय है। मतदान केंद्र के रूप में 'पितामह कान्हसिंह धर्मशाला' निर्धारित किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारू एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# सिगड़ी बनेगी रोल मॉडल ग्राम पंचायत, मिल सकेगी 24*7 पेयजल आपूर्ति : जिला सलाहकार

## वर्तमान स्थिति का किया अवलोकन, डोर टू डोर अभियान 1 मई से शुरू




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

महेंद्रगढ़ जिले की ग्राम पंचायत सिगड़ी को 24म7 पेयजल आपूर्ति के लिए रोल मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस संबंध में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जानकारी देते हुए बताया कि जल जीवन मिशन 2.0 के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक-एक ग्राम पंचायत का चयन 24 घंटे पेयजल आपूर्ति के लिए किया जा रहा है, जिसमें महेंद्रगढ़ जिले से सिगड़ी ग्राम पंचायत का चयन किया गया है। इस कड़ी में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन तथा ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। सरपंच पूनम देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और ग्राम पंचायत को रोल मॉडल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि 24म7 पेयजल आपूर्ति शुरू करने से पहले जमीनी स्थिति का आकलन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन पर टोंटी और स्टैंड पोस्ट होना जरूरी है। साथ ही योजना की सफलता के लिए सामुदायिक सहभागिता भी महत्वपूर्ण है। बैठक में ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों ने बताया कि गांव दो भागों में विभाजित है, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन सही स्थिति में हैं और उनमें टोंटी व स्टैंड पोस्ट लगे हुए हैं, जबकि शेष 40 प्रतिशत कनेक्शनों में सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए घर-घर सर्वे कर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। कनिष्ठ अभियंता दीपचंद ने बताया कि ढांचागत सुधार के लिए जल्द ही जलघर का निरीक्षण कर आवश्यक कार्य चिन्हित किए जाएंगे। प्रत्येक घर के नलों पर टोंटी, स्टैंड पोस्ट व उचित कनेक्शन सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि 24 घंटे पानी की आपूर्ति के दौरान जल की बर्बादी न हो। उन्होंने बताया कि सिगड़ी गांव में वर्ष 2017 में निर्मित जलघर लगभग 3 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है, जिसमें लगभग 26 लाख लीटर क्षमता का भूमिगत स्टोरेज टैंक तथा 1 लाख लीटर क्षमता की ओवरहेड टंकी उपलब्ध है। वर्तमान में यह व्यवस्था प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 70 लीटर जल उपलब्ध कराने की क्षमता रखती है। ग्राम जल एवं सीवरेज समिति की सदस्य पिंकी और सीमा ने इस योजना पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे विशेष रूप से महिलाओं को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि पहले जहां पानी के लिए कुओं पर निर्भर रहना पड़ता था, वहीं अब हर घर नल से जल उपलब्ध है। अब 24म7 आपूर्ति से गांव को नई पहचान मिलेगी। सरपंच पूनम देवी ने विभागीय अधिकारियों को आश्वस्त किया कि सभी ग्रामीण इस योजना में पूर्ण सहयोग करेंगे।

वहीं खंड संसाधन संयोजक मोहित कुमार ने बताया कि 1 मई से गांव में जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत ग्रामीणों को योजना एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर बीआरसी मोहित कुमार, सरपंच पूनम देवी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पिंकी, सीमा, नलकूप चालक हेमलता, संतोष, यशपाल, संजय कुमार, सुरेंद्र सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निरंतर व गुणवत्तायुक्त जल आपूर्ति पर रहेगा विशेष ध्यानः अमित जैन

कार्यकारी अभियंता अमित जैन ने बताया कि हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 24म7 पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का कार्य जल जीवन मिशन के माध्यम से किया जा रहा है। इसके तहत पहले प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन उपलब्ध कराया गया और अब दूसरे चरण में निरंतर एवं गुणवत्तायुक्त जल आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सिगड़ी गांव में पाइपलाइन नेटवर्क को मजबूत करनेए प्रेशर मैनेजमेंट, जल भंडारण संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण तथा जल गुणवत्ता की नियमित जांच पर कार्य किया जाएगा। साथ ही डिजिटल मॉनिटरिंग एवं शिकायत निवारण प्रणाली भी लागू की जाएगी, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था पारदर्शी एवं प्रभावी बन सकें।

# जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक सभागार में आज

## सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सुनेंगे शिकायतें

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

सहकारिता मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा 29 अप्रैल को जिला महेंद्रगढ़ के नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए नारनौल पहुंचेंगे। वे स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में दोपहर 1:00 बजे आयोजित होने वाली जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजली ने बताया कि जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग नारनौल का एक, सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां महेंद्रगढ़ का एक, पुलिस अधीक्षक का एक, अतिरिक्त उपायुक्त का एक, लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़कें) नारनौल के दो, जिला नगरीय आयुक्त/ नगर पालिका सचिव नांगल चौधरी का एक, सहायक खनन अभियंता नारनौल का एक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नारनौल का एक, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक, पंचायती राज नारनौल/खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी महेंद्रगढ़ का एक व रेलवे विभाग, जिला नगरीय आयुक्त/ जन स्वास्थ्य एवं अभियंता की विभाग नारनौल का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव नांगल कालिया के मुकेश स्वामी, हरिद्वार लाल व अन्य नोमनी/वारिसान टैनर्स स्माल इंटरप्राइजेज कोऑपरेटिव सोसाइटी महेंद्रगढ़, गांव कोका की कविता, मंडाणा के सीताराम, अब्दुल्ला नगर के कर्मवीर, ग्राम पंचायत अगिहार, इसराना, सिहोर, झगड़ौली व कोटिया के समस्त इलाका वासी, गांव मोहनपुर (मोमनपुर) नांगल चौधरी वार्ड नंबर 1 के नरेश, अशोक व अन्य ग्राम वासी, मोहनपुर नारनौल के रविंद्र, ग्राम पंचायत बलाह कला के सरपंच, ग्राम पंचायत जाट के ईश्वर सिंह व अन्य, मालड़ा सराय का अजीत सिंह व सामाजिक संस्थाओं द्वारा एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

# फतेहाबाद पुलिस की धोखाधड़ी पर बडी कार्यवाहीः लोन वाली गाड़ी बेचकर ठगी करने के मामले में आरोपी काबू

## थाना भट्टू कलां पुलिस ने आरोपी को दबोचा – आरसी पर लोन छिपाकर गाड़ी बेचने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/भट्टु कलां।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भट्टू कलां पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान राकेश कुमार उर्फ राकू पुत्र भजन लाल, निवासी बनमंदोरी के रूप में हुई है। थाना भट्टू कलां प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता मनीष कुमार निवासी गांव बनमंदोरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने 12 मार्च 2025 को आरोपी से एक गाड़ी खरीदी थी।आरोपी ने हलफनामा दिया था कि गाड़ी पर कोई बकाया लोन या टैक्स नहीं है। लेकिन बाद में पता चला कि गाड़ी पर एक फाइनेंस कंपनी का लोन बकाया है, जिसे आरसी पर नहीं चढ़वाया गया था। जब पीड़ित ने आरोपी से लोन क्लियर करने को कहा, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी ।पीड़ित की शिकायत पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की 316(2),318(4),351(2) धाराओं के तहत मुकदमा नंबर 31/2026 दर्ज किया था।मामले की जांच करते हुए पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी राकेश कुमार उर्फ राकू पुत्र भजन लाल, निवासी बनमंदोरी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आरोपी से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जा रही है ।

# 'फतेहाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाईः रेलवे स्टेशन के पास 10 किलो डोडा पोस्त सहित पंजाब का तस्कर गिरफ्तार '

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/भट्टू कलां।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की गई है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के नेतृत्व में चल रहे 'क्लीन स्वीप' अभियान के अंतर्गत थाना भट्टू कलां पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास नाकाबंदी कर एक तस्कर को भारी मात्रा में डोडा पोस्त सहित काबू किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान गुरनेब सिंह पुत्र चमकौर सिंह, निवासी लहरा बेगा, जिला बठिंडा (पंजाब) के रूप में हुई है। आरोपी रेलवे स्टेशन के बाहर बस का इंतजार कर रहा था और नशीले पदार्थ को पंजाब ले जाने की फिराक में था। थाना भट्टू कलां प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान बस अड्डा भट्टू कलां क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति डोडा पोस्त की तस्करी करता है और इस समय रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदिग्ध व्यक्ति को काबू कर लिया।

नियमों के अनुसार तलाशी लेने पर आरोपी के पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से 10 किलो 100 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना भट्टू कलां में एनडीपीएस एक्ट की धारा 15बी, 61 और 85 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने वाला था। इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जांच की जा रही है। फतेहाबाद पुलिस ने साफ किया है कि जिले में नशा तस्करी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इस तरह के अभियानों को आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग करें। यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।

# टोहाना के एसडीएम आकाश शर्मा ने टोहाना-बलियावाला रोड व स्विमिंग पूल निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को टोहाना से बलियावाला तक निर्माणाधीन सड़क तथा बलियावाला हेड पर बन रहे अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने टोहाना-बलियावाला रोड के निर्माण कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही सड़क की परत, निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। उन्होंने कहा कि मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देती हैं। इसके बाद एसडीएम आकाश शर्मा ने बलियावाला हेड पर निर्माणाधीन स्विमिंग पूल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पूल की डिजाइन, जल निकासी व्यवस्था और प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए तथा सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से निर्माण स्थलों का निरीक्षण करें और प्रत्येक स्तर पर निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

### हरियाणा स्वर्णकार समाज ने मनाया विशेष मिलन समारोह

# कृष्ण सोनी नहला को सह सचिव हरियाणा की मिली जिम्मेवारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जींद/टोहाना।**



राजबीर सोनी,जींद की पावन धरती पर स्वर्णकार समाज कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया कृष्ण सोनी नहला ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा विधानसभा में डिप्टी स्पीकर कृष्ण जी मिढ़ा ने शिरकत जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विनय वर्मा विधायक शोहरत गढ़ युपी ने शिरकत की उनके साथ स्वर्णकार सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ जोगिंदर वर्मा जी कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार लाम्बा जी व महासचिव गुरदीप चढ़ा जी मोजूद थे इस मौके पर डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा ने कहा कि स्वर्णकार समाज की जो भी समस्या है उन्हें मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा जाएगा इसके साथ साथ उन्होंने स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधि मंडल को मुख्यमंत्री से मिलवाने का आश्वासन दिया इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी ने जिला फतेहाबाद से कृष्ण सोनी नहला को स्वर्णकार सेवा संघ में सह सचिव हरियाणा नियुक्त करने पर समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया कृष्ण सोनी नहला ने कहा कि संघ की और से जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करूंगा स्वर्णकार समाज के उत्थान के लिए प्रयासरत रहूंगा इस मौके पर फतेहाबाद से कृष्ण जी मौसूण ,प्रधान राजबीर सोनी प्रधान भूना महेंद्र सिंह जी छापरवाल राजेश सोनी प्रधान टोहाना, फतेहाबाद के वकील नरेश सोनी , बार एसोसिएशन टोहाना के पूर्व प्रधान एडवोकेट संजय वर्मा, भूना पवन , सहदेव ,अतुल सोनी एम सी भूना ,बलजीत सोनी एम सी भूना, महावीर रोडा ,बलबीर रोडा नहला एवं काफी स्वर्णकार बंधु मौजूद रहे।

# 'सीआईए रतिया की बड़ी कार्रवाईः अफीम व चूरा पोस्त सहित दो तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद '

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद/रतिया।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए रतिया टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को अफीम और चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने कुल 2 किलो 625 ग्राम अफीम और 4 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। सीआईए रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम नशीले पदार्थों की रोकथाम के तहत गश्त कर रही थी और सरदूलगढ़ कैंची, रतिया के पास मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति और एक महिला कमाना मोड़ पर पिट्ठू बैग में नशीला पदार्थ लेकर बस का इंतजार कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी की और दोनों संदिग्धों को काबू कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान राजकुमार उर्फ राजू निवासी शक्ति नगर, रतिया तथा महिला आरोपी की पहचान अमनदीप कौर उर्फ अन्नु निवासी रोहण, जिला लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई। नियमों के अनुसार तलाशी लेने पर आरोपी राजकुमार के पिट्ठू बैग से 2 किलो 625 ग्राम अफीम बरामद हुई, जबकि महिला आरोपी के बैग से 4 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही बरामद नशीले पदार्थ को विधि अनुसार सील कर अपने कब्जे में ले लिया।

इस संबंध में थाना शहर रतिया में अभियोग संख्या 98 दिनांक 27 अप्रैल 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(बी), 15(बी), 61 और 85 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को नियमानुसार माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले की गहन जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी यह नशीला पदार्थ कहां से लाए थे और किस नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। पुलिस का कहना है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## चलती बस में अचानक लगी आग, दो यात्रियों की मौत, कई झुलसे

### -बवानीखेड़ा से हांसी जा रही थी बस, टायर फटने से हुआ हादसा



बवानीखेड़ा (एजेंसी)। हरियाणा के बवानीखेड़ा क्षेत्र में सवारियों से भरी एक प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई जिसमें दो यात्रियों की मौत हो गई और कई यात्री झुलस गए। बस बवानीखेड़ा से हांसी जा रही थी और गांव मिल्कपुर के पास हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि बस में करीब 20 यात्री सवार थे। अचानक लगी आग ने कुछ ही मिनटों में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे बस जलकर पूरी राख हो गई। मीडिया रिपोर्ट में शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में दो लोगों की मौत की सूचना है, जबकि आधा दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक दो घायलों का इलाज हांसी के नागरिक अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य में जुट गई। शुरूआती जांच में सामने आया है कि बस का टायर फटने के बाद वह डीजल टंकी से टकरा गया, जिससे आग लग गई। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच अभी चल रही है। बवानीखेड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## सोनम रघुवंशी को शिलांग की अदालत से मिली जमानत

शिलांग (एजेंसी)। राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को शिलांग की अदालत से जमानत मिल गई है। यह वहीं मामला है, जिसने इंदौर से लेकर मेघालय तक और पूरे देश में काफी सनसनी फैला दी थी।



मामले की शुरुआत एक नवविवाहित जोड़े से जुड़ी दुखद घटना से हुई थी। इंदौर निवासी राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई 2025 को हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद, 21 मई को दोनों हनीमून के लिए शिलांग गए थे। शुरुआत में यह यात्रा सामान्य लग रही थी, लेकिन 23 मई के बाद दोनों के लापता होने की खबर सामने आई, जिससे परिवार और प्रशासन में चिंता फैल गई। करीब 10 दिन की खोजबीन के बाद पुलिस को 2 जून 2025 को शिलांग की गहरी घाटी से राजा रघुवंशी का शव मिला। शव करीब 30 फीट गहरी खाई में मिला और उस पर धारदार हथियार के निशान मिले, जिससे यह साफ हुआ कि मामला दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या का है।

## नितेश राणे को एक महीने की जेल की सजा, मामले के समय राणे कांग्रेस में थे , इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने का मामला

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को सिंधुदुर्ग कोर्ट ने इंजीनियर पर कीचड़ फेंकने के मामले में एक महीने की जेल की सजा सुनाई। सिंधुदुर्ग कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधि (सांसद, विधायक या पार्षद) कानून अपने हाथ में नहीं ले सकते। हालांकि, बाद में सजा पर रोक लगाकर उन्हें हाईकोर्ट में अपील करने का समय दिया है। इस मामले में बाकी 29 आरोपियों को बरी किया गया। यह मामला 4 जुलाई 2019 का है। उन्होंने एनएचएई के सब-डिविजनल इंजीनियर प्रकाश शेडेकर को मुंबई-गोवा हाईवे चौड़ीकरण के काम का निरीक्षण करने के लिए बुलाया था। सड़क की खराब हालत और जलभराव को लेकर मंत्री राणे नाराज हो गए। इसके बाद मंत्री राणे और उनके समर्थकों ने इंजीनियर पर कीचड़ डाल दिया। उन्हें कीचड़ भरे पानी में चलने के लिए मजबूर किया। तब नितेश राणे कांग्रेस में थे। अभी वह भाजपा में हैं और महाराष्ट्र सरकार में मत्स्य पालन और बंदरगाह मंत्री हैं।

## राहुल गांधी नागरिकता मामले में अब जस्टिस मनीष माथुर करेंगे सुनवाई

लखनऊ (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस के राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में अब न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ सुनवाई करेगी। मंगलवार को यह मामला न्यायमूर्ति मनीष माथुर के समक्ष सूचीबद्ध हुआ। मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता



एस. विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से मामले में आवश्यक दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने याची के इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख तय की है। कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी पर भारत के साथ-साथ ब्रिटिश नागरिकता लेने का आरोप लगाते हुए एफ आई आर दर्ज करने की मांग की है। पहले, उनकी याचिका लखनऊ की एमपी-एमएलए अदालत से खारिज हुई थी। इसके खिलाफ हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के पास उन्होंने मौजूदा याचिका दाखिल की थी। इसी 17 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने खुली अदालत में राहुल गांधी के खिलाफ एफ आई आर दर्ज करने और मामले की जांच कराने का मौखिक आदेश राज्य सरकार को दिया था। अगले ही दिन आए आदेश में अपना फैसला बदलते हुए उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। इसके बाद याचिकाकर्ता ने इसको लेकर कुछ पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले थे। हालांकि, उन्होंने अपने पोस्ट में जज का जिक्र नहीं किया था। इसके बाद नाराज होकर 20 अप्रैल को जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने इस केस से खुद को अलग कर लिया था। याची शिशिर ने बताया कि इसी मामले से संबंधित एक अन्य याचिका भी उन्होंने हाईकोर्ट में दाखिल की है, जिसपर अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना है।

# अंग दान की नई क्रांति की सूत्रधार बनीं आरती राव- दिनेश जैलदार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण** । हरियाणा की धरती पर अंगदान को लेकर एक नई जागरूकता की शुरुआत हुई है। स्वास्थ्य एवं मेडिकल एजुकेशन रिसर्च मंत्री आरती राव ने प्रदेश में अंगदान की जो मुहिम छेड़ी है उसने दो साल से बंद पड़े इस महादान के द्वार फिर से खोल दिये जाने पर इसको अंगदान के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की बड़ी मुहिम है। मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जेलदार ने बताया कि उनके प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा मिली है, बल्कि समाज में भी सेवा और मानवता का भाव मजबूत हुआ है। जब पूरे देश में अंगदान की दर 0.86 प्रति मिलियन थी और हरियाणा 0.5 से भी नीचे था, तब आरती राव ने इस विषय को अपनी प्राथमिकता बनाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मौत अटल है,



लेकिन अगर हमारी मृत्यु किसी दूसरे के जीवन का कारण बन जाए तो इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं। इसी सोच के साथ उन्होंने इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया। गत दिनों पीजीआईएमएस रोहतक दौरे के दौरान उन्होंने चिकित्सकों को अंगदान के प्रति अधिक सक्रिय होने के निर्देश दिए। मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जैलदार ने कहा कि मंत्री आरती राव ने जो बीड़ा उठाया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। हम सभी को इस नेक काम के हवन में अपनी आहुति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा का बच्चा-बच्चा अब अंगदान का महत्व समझेगा और इसे जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगा। प्रदेशभर में सोटो (स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गेनाइजेशन हरियाणा) के माध्यम से एनजीओ और सामाजिक संगठनों द्वारा कैंप लगाए जाएंगे। पंचायत स्तर पर चौपालों में आमजन को जागरूक किया जाएगा। युवा गांव-गांव जाकर बताएंगे कि एक ब्रेन डेड व्यक्ति 8 लोगों को नई जिंदगी दे सकता है।

# 10 मई को फतेहपुर में होने वाले उपचुनाव के सरपंच के लिए दो प्रत्याशी मैदान में

### पूर्व सरपंच संतोष देवी की पुत्र वधु सीमा व सुमन यादव के बीच होगा मुकाबला होगा, फतेहपुर गांव के 1245 मतदाता है

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**

**मनोज बुलाण** । अटेली खंड के गांव फतेहपुर गांव में 10 मार्च को होने वाले उप चुनावों को लेकर नामांकन निकलवाने के अंतिम दिन के बाद अब दो प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला होगा। पूर्व सरपंच संतोष देवी की पुत्र वधु सीमा यादव व सुमन यादव के बीच चुनाव होगे तथा 1245 मतदाता अपना लोकप्रिय सरपंच चुनेंगे। गांव फतेहपुर में राजनीतिक सरगर्मियां गर्मियों एकाएक तेज हो गई। गांव में सरपंच का पद महिला के लिए आरक्षित होने के कारण अब तक 5 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा था। पंचायत के आम चुनावों में मोनिका गांव की सरपंच निर्वाचित हुई थी लेकिन अध्यापक की नौकरी मिलने पर सरपंच के पद से त्यागपत्र दे कर टीचर के पेशे को चुन लिया था। उसके बाद गांव में 8



प्रत्याशी सीमा



प्रत्याशी सुमन

पंचों में बहुमत वाली पंच सुष्मिता गांव की कार्यवाहक सरपंच बनी। गांव में नई मतदाता सूची के अनुसार 1245 वोट है। 21 से 25 अप्रैल तक सरपंच के नामांकन भरे जाने की प्रक्रिया चली। 26 से 27 अप्रैल तक नामों की जांच होगी तथा 28 अप्रैल मंगलवार को नाम वापिस लेने के बाद मैदान में डटे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलाट कर दिये है। एसईपीओं पूर्ण चंद ने बताया कि शीमा यादव व सुमन यादव के बीच मुकाबला होगा। चुनाव के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# नारनौल में 1 मई को धूमधाम से मनाई जाएगी बुद्ध पूर्णिमा, आम सभा का भी होगा आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में आगामी 1 मई 2026, शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा एवं आम सभा का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे सिटी मैरिज पैलेस, निजामपुर रोड, नारनौल में आयोजित होगा जिसकी अध्यक्षता समिति के प्रधान चंदन सिंह जलवान करेंगे। समिति के महासचिव बिरदी चंद गोठवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पायस (खीर) और लंगर की विशेष व्यवस्था सिटी मैरिज पैलेस के संचालक, एडवोकेट सतीश नाहर द्वारा की गई है और इस पावन अवसर पर समाज के सभी गणमान्य व्यक्तियों और श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

# सच सामने लाने की सजा? निरीक्षण के बाद कार्रवाई करने वाली अधिकारी माया बजाड़ एपीओ

### अनियमितताओं के खिलाफ सख्ती का परिणाम? माया बजाड़ को एपीओ करने पर उठे सवाल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं/उदयपुर।**

झुंझुनूं जिले के सोटवारा गांव की बेटी और वर्तमान में सलूंबर (उदयपुर) में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत माया बजाड़ को एपीओ किए जाने का मामला अब चर्चा का विषय बन गया है। शिक्षा विभाग के आदेश के बाद इस पूरे घटनाक्रम को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार माया बजाड़ ने हाल ही में अपने कार्यक्षेत्र के एक स्कूल काम निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कई अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें व्यवस्थागत खामियां और कार्यप्रणाली में लापरवाही शामिल बताई जा रही है। इस पर उन्होंने गंभीरता दिखाते हुए जांच प्रक्रिया शुरू करवाई। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई कुछ प्रभावशाली लोगों को रास नहीं आई। इसके बाद अचानक शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर माया बजाड़ को एपीओ कर दिया गया। आदेश में उन्हें आगामी आदेशों तक निदेशालय, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर में प्रतीक्षा में रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस घटनाक्रम के बाद शिक्षा विभाग और प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। क्षेत्र के लोगों और शिक्षा से जुड़े वर्गों में यह सवाल उठ रहा है कि यदि कोई अधिकारी ईमानदारी से कार्य करते हुए अनियमितताओं को उजागर करता है, तो उसके खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई क्यों की जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि माया बजाड़ अपने कर्तव्यनिष्ठ और सख्त प्रशासनिक रवैये के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने हमेशा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई है। ऐसे



में उनके खिलाफ हुई इस कार्रवाई को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने इसकी मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि अधिकारी ने नियमों के तहत कार्रवाई की है, तो उन्हें संरक्षण मिलना चाहिए, न कि दंडात्मक कार्रवाई। वहीं आमजन से अपील की जा रही है कि वे निष्पक्ष जांच और न्याय के समर्थन में अपनी आवाज उठाएं, ताकि सच्चाई सामने आ सके और ईमानदार अधिकारियों का मनोबल बना रहे। अब निगाहें जांच प्रक्रिया पर टिकी हैं। आने वाले दिनों में यह स्पष्ट हो पाएगा कि यह प्रशासनिक निर्णय किन परिस्थितियों में लिया गया और क्या वाकई इसमें किसी प्रकार का दबाव या प्रभाव शामिल था।

# टोहाना नगर परिषद उपचुनाव: भाजपा समर्थित भूरी देवी सर्वसम्मति से चुनी गई पार्षदा

### नगर परिषद टोहाना के चेयरमैन नरेश बंसल व वाइस चैयरपर्सन श्रीमती नीरू बलदेव सैनी की सर्वसम्मति बनाने में रही अहम भूमिका

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा** । रंगा,नगर परिषद के वार्ड नंबर 17 में हुए उपचुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी भूरी देवी पत्नी स्वर्गीय सतनाम सिंह को सर्वसम्मति से पार्षद निर्वाचित घोषित किया गया। इस उपचुनाव में कुल छः नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनमें से भारती देवी, सुनीता गर्ग, परमजीत कौर, राज कुमार व राकेश कुमार ने भूरी देवी के समर्थन में अपने नामांकन वापस ले लिए, जिसके बाद भूरी देवी का निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हुआ। एसडीएम आकाश शर्मा ने भूरी देवी को पार्षद निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस सर्वसम्मति बनाने में टोहाना नगर परिषद चेयरमैन नरेश बंसल के विशेष दिशा निर्देश का बड़ा सहयोग रहा।जिला उपाध्यक्ष संजय रेवड़ी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष बलदेव सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष रमन मड़िया तथा नगर परिषद के सभी पार्षदों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पूर्व कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली से भी मुलाकात कर उनका समर्थन प्राप्त किया था।नव निर्वाचित पार्षदा भूरी देवी ने वार्डवासियों, नगर परिषद



चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, सभी पार्षदों एवं अपने समर्थन में नाम वापस लेने वाले सभी प्रत्याशियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने वार्ड के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। टोहाना नपा वाईस चेयरपर्सन श्रीमती नीरू बलदेव सैनी, महिला पार्षद पूजा माथुर, सतीश पूरी, पार्षद धर्मपाल काला पहलवान, अमित भाटिया, पार्षद जोनी मेहता, सुरेश सेठी, राकेश मस्तु, संजय सपड़ा, केशव बंसल, जगदीश, जितेंद्र बंसल, मुनीश शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# शंभू-हरियाणा बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक पर धमाके की नाकाम कोशिश, टीमें जांच में जुटी

### धमाके की कोशिश में शामिल व्यक्ति की मौत, ट्रैक पर मिला शव

**पटियाला (एजेंसी)।** पटियाला में शंभू-हरियाणा बॉर्डर के पास रेलवे ट्रैक पर कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखे जाने के बाद धमाका करने की नापाक कोशिश की गई। पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर इलाके का मुआयना किया। पटियाला के एसएसपी ने बताया कि सोमवार रात पटियाला पुलिस को शंभू-हरियाणा सीमा के पास रेलवे ट्रैक धमाका होने की आशंका सूचना मिली थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच से पता चला कि वास्तव में एक बड़ा धमाका करने की एक कोशिश थी। इस कोशिश में शामिल व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और उसका शव बरामद हुआ है, जिस शख्स ने धमाका करने की कोशिश की, उसने निहंग सिंह का वेश धारण किया हुआ था। उसकी पहचान जगरूप सिंह के रूप में हुई है जो तरन तारन के पंजवार खुराद गांव का रहने वाला था। फॉरेंसिक की एक टीम धमाके वाली जगह से नमूने जमा कर रही है ताकि इस्तेमाल किए गए विस्फोटक की पहचान की जा सके। पुलिस हर



पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है।

एसएसपी ने बताया कि किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। मौके पर सिम कार्ड समेत जो भी साइंटिफिक एविडेंस मिला, उसको बरामद करके टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरे षड़यंत्र का पर्दाफाश किया जाएगा। जीआरपी, आरपीएफ जांच में जुटी हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- मैं उस गंभीर इंटेलिजेंस विफलता की कड़ी निंदा करता हूं, जिसके कारण सोमवार रात शंभू के पास दिल्ली-राजपुरा रेलवे ट्रैक पर एक कायरतापूर्ण ब्लास्ट की कोशिश हुई। यह साफ है कि कई दिन पहले एक खतरे की जानकारी मिलने के बावजूद, कोई भी एहतियाती कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने लिखा कि यह घटना पुलिस थानों और चौकियों पर कई धमाकों और यहां तक कि स्टेट इंटेलिजेंस हेडक्वार्टर पर आरपीजी हमले के बाद हुई है।

उन्होंने लिखा कि पंजाब के सीएम भगवंत मान, जो गृह मंत्री भी हैं, उन्हें अपनी गहरी नींद से जागना चाहिए और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित करने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। उनका यह लापरवाही रवैया पंजाब को फिर से उस पुराने अंधेरे दौर में धकेल रहा है, जो बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। बता दें इससे पहले इसी साल जनवरी में भी ऐसा ही धमाका हुआ था। फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में फ्रेट कॉरिडोर के ट्रैक पर विस्फोट हुआ था। इस हादसे में एक ट्रेन का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था और एक लोको पायलट घायल हुआ था।

# जयपुर में तेज आंधी से हवाई यातायात हुआ अस्त-व्यस्त, कई उड़ानें डायवर्ट और यात्री घंटों परेशान

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में बीती रात मौसम के अचानक बदले मिजाज ने हवाई यातायात को पूरी तरह पटरी से उतार दिया। शहर में आई भीषण आंधी और धूल के गुबार के कारण दृश्यता (विजिबिलिटी) इस कदर गिर गई कि जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमानों की सुरक्षित लैंडिंग कराना असंभव हो गया। इस प्राकृतिक व्यवधान के कारण तीन प्रमुख उड़ानों को दूसरे शहरों की ओर मोड़ना पड़ा, जबकि कई अन्य विमान ईंधन और सुरक्षा की चिंता के बीच घंटों आसमान में चक्कर काटते रहे।

रात के समय आई तेज आंधी के कारण पायलटों को रनवे देखने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने लैंडिंग की अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसके परिणामस्वरूप, इंदौर से जयपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-7745) को वापस इंदौर भेज दिया गया। वहीं, मुंबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया



एक्सप्रेस और अहमदाबाद से जयपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-7131) को दिल्ली एयरपोर्ट की ओर डायवर्ट किया गया। इन उड़ानों के डायवर्ट होने से यात्रियों को भारी मानसिक और शारीरिक परेशानी झेलनी पड़ी, क्योंकि वे अपने गंतव्य के बजाय दूसरे शहरों में फंस गए।

जो विमान डायवर्ट नहीं हुए, उनके यात्रियों की भी सांसें अटकी रहीं। मुंबई से आई एयर इंडिया की फ्लाइट (एआई-413) करीब एक घंटे तक और गुवाहाटी से आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6ई-749) करीब पौने घंटे तक जयपुर के आसमान में चक्कर काटती रहीं। ईंधन की सीमित मात्रा और खराब मौसम के बीच पायलट लगातार एटीसी के संपर्क में रहे और मौसम साफ होने का इंतजार करते रहे। इस अनिश्चितता के कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में 3 से 5 घंटे की अतिरिक्त देरी का सामना करना पड़ा। एयरपोर्ट परिसर में भी परिजनों का इंतजार लंबा होता गया, जिससे तनाव की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अनुसार, अचानक आए पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई थी, जिसने रनवे पर दृश्यता को न्यूनतम स्तर पर पहुंचा दिया। एयरपोर्ट प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर ही लैंडिंग के बजाय डायवर्जन का कठिन निर्णय लिया गया। इस घटना ने एक बार फिर प्री-मानसून सीजन में हवाई यात्रा की चुनौतियों को उजागर कर दिया है। फिलहाल जयपुर एयरपोर्ट पर परिचालन सामान्य हो गया है, लेकिन अधिकारियों ने यात्रियों को अपनी फ्लाइट का स्टेटस चेक करके ही घर से निकलने की सलाह दी है।

# भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य शक्ति बना, रक्षा बजट में भारी वृद्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 में वैश्विक रक्षा समीकरणों में भारत ने अपनी स्थिति और मजबूत की है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब दुनिया भर में अपनी सेनाओं पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाले देशों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष दुनिया के कुल सैन्य खर्च में भारत की हिस्सेदारी 3.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। बता दें कि भविष्य की चुनौतियों और ऑपरेशन सिंदूर के अनुभवों को देखते हुए, भारत सरकार ने 2026-27 के केंद्रीय बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इसमें 2.19 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय शामिल है, जिसका उपयोग नए लड़ाकू विमान, पनडुब्बियां, मिसाइलें और ड्रोन सिस्टम खरीदने के लिए किया जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका, चीन, रूस और जर्मनी इस सूची में क्रमशः पहले चार स्थानों पर काबिज हैं। 2025 में भारत का कुल सैन्य खर्च 92.1 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण पिछले साल पाकिस्तान के खिलाफ चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर था। इस अभियान के दौरान सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार रखने हेतु आपातकालीन आधार पर हथियारों और साजो-सामान की बड़े पैमाने पर खरीद की गई थी।

पड़ोसी देशों की बात करें तो चीन 336 अरब डॉलर के रक्षा बजट के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, आर्थिक संकटों से जूझ रहा पाकिस्तान 11.9 अरब डॉलर के खर्च के साथ वैश्विक सूची में 31वें स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर कुल सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें अकेले अमेरिका, चीन और रूस की हिस्सेदारी 51 प्रतिशत है। यूरोप में भी रूस-यूक्रेन युद्ध और नाटो देशों की सक्रियता के चलते सैन्य खर्च में 14 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि देखी गई है।

भारत अपनी रक्षा रणनीति में अब बदलाव ला रहा है। यद्यपि भारत अभी भी सैन्य हार्डवेयर का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक बना हुआ है, लेकिन रूस पर इसकी निर्भरता कम हो रही है। सिपरी के आंकड़ों के अनुसार, 2011-15 में भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत थी, जो अब घटकर 40 प्रतिशत रह गई है। भारत अब फ्रांस, इजरायल और अमेरिका जैसे देशों से आधुनिक तकनीक हासिल कर रहा है।



# मैड्रिड ओपनः अस्वस्थ होने के बावजूद कोको गॉफ ने चौथे दौर में बनाई जगह



**काजा मैजिका।** मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अमेरिका की स्टार खिलाड़ी Coco Gauff ने शानदार जज्बा दिखाते हुए बीमारी के बावजूद चौथे दौर में जगह बना ली। मैच के दौरान असहज महसूस करने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद गॉफ ने हार नहीं मानी और मुकाबला जीत लिया। पिछले साल फाइनल तक पहुंचने वाली गॉफ ने के खिलाफ पहला सेट 4-6 से गंवा दिया था। लेकिन इसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए 7-5, 6-1 से मैच अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट के दौरान गॉफ को अचानक अस्वस्थता महसूस हुई और उन्होंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, जिससे वह कुछ समय के लिए परेशान नजर आई।मैच के बाद गॉफ ने कहा, 'जब मैने कोर्ट पर उल्टी की, तो मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लग रहा था। मुझे ऐसा लगा जैसे मेरी सारी ऊर्जा खत्म हो गई हो।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मैच से हटना पसंद नहीं करती। जब तक मुझे लगता है कि मेरे पास खेलने का मौका है, मैं मैदान नहीं छोड़ती।' इससे पहले दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ीSwiatek भी अज्ञात बीमारी के कारण अपना मैच बीच में छोड़ने पर मजबूर हो गई थीं।

# शेवरोन चैंपियनशिप जीतकर नेली कोर्डा बनीं दुनिया की नंबर-1 महिला गोल्फर

**टेक्सास।** अमेरिका की स्टार गोल्फर नेली कोर्डा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शेवरोन चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस जीत के साथ ही वह एक बार फिर महिला विश्व रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर पहुंच गई हैं।27 वर्षीय कोर्डा ने टूर्नामेंट के चौथे और अंतिम दौर में 2 अंडर 70 का स्कोर बनाया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में लगातार शानदार खेल दिखाया और कुल 18 अंडर 270 के स्कोर के साथ पांच शॉट से जीत दर्ज की। इस जीत के दौरान कोर्डा ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और किसी भी प्रतिद्वंद्वी को वापसी का मौका नहीं दिया।यह कोर्डा के करियर का तीसरा मेजर खिताब है। इसके अलावा यह उनकी एलपीजीए टूर पर 17वीं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 21वीं जीत रही। उनका यह प्रदर्शन उनकी निरंतरता और बड़े टूर्नामेंट में दबाव संभालने की क्षमता को दर्शाता है।इस जीत के साथ कोर्डा अगस्त के बाद पहली बार महिला गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रही हैं।

# स्पैनिश फुटबॉल में बवाल ! गोलकीपर ने मुंह पर मारा मुक्का, मैदान में जमकर चले लात-घूंसे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन की सेगुंडा डिविजन में रियल जारगोजा और एसडी ह्यूएस्का के बीच खेले गए मुकाबले में उस समय बड़ा बवाल मच गया जब गोलकीपर एस्तेबान आंद्रादा ने विरोधी खिलाड़ी को मुक्का मार दिया। यह मैच पहले से ही रेलेगेशन की लड़ाई के कारण तनावपूर्ण था।

### रेड कार्ड के बाद बढ़ा विवाद

मैच के इंजरी टाइम में आंद्रादा को दूसरे पीले कार्ड के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। उन्होंने ह्यूएस्का के एक खिलाड़ी को धक्का दिया था, जिसके बाद रेफरी ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। लेकिन इसके बाद मामला और बिगड़ गया। रेड कार्ड मिलने के कुछ ही पलों बाद आंद्रादा ने दौड़कर जॉर्जे पुलिदो के चेहरे पर मुक्का जड़ दिया।



### मैदान पर मारपीट, कई खिलाड़ी बाहर

इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई शुरू हो गई और मैदान पूरी तरह से जंग का मैदान बन गया। इस दौरान दानी जिमिनेज और दानी तासेंदे को भी रेड कार्ड दिखाया गया। अरागोनीज डर्बी के नाम से मशहूर इस मुकाबले में खिलाड़ियों का गुस्सा साफ दिखाई दिया।

### मैच का नतीजा भी छूटा पीछे

इस पूरे विवाद के बीच मैच का नतीजा कहीं पीछे छूट गया। ऑस्कर सिएल्वा के पेनल्टी गोल की बदौलत ह्यूएस्का ने 1-0 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ उन्होंने पॉइंट्स टेबल में जरागोजा को पीछे छोड़ दिया, हालांकि दोनों टीमें अभी भी रेलेगेशन जोन में हैं।

### आंद्रादा ने मांगी माफी

मैच के बाद आंद्रादा ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, 'मैं अपना ध्यान खो बैठा था और जो हुआ वह नहीं होना चाहिए था। मैं इसके लिए माफी मांगता हूं और जो भी सजा मिलेगी, उसे स्वीकार करूंगा।'

### क्लब ने भी जताई नाराजगी

रियल जरागोजा क्लब ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की। क्लब ने अपने बयान में कहा, 'हमने ऐसे दृश्य देखे जो इस खेल के अनुरूप नहीं हैं और कभी नहीं होने चाहिए थे। ये घटनाएं हमारे क्लब और हमारे फैंस के मूल्यों को नहीं दर्शातीं। हम कई लोगों, खासकर बच्चों के लिए आदर्श हैं, इसलिए ऐसी तस्वीरें कभी सामने नहीं आनी चाहिए थीं।'

# पंत की रणनीति पर उठे सवाल, नरेन के सामने पूरन को भेजकर की भारी भूल

## सुपरओवर में कोलकाता नाइट राइडर्स को तोहफे में दी जीत



**लखनऊ, एजेंसी।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपरजाएंट्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला गया मुकाबला क्रिकेट फैंस के लिए किसी थ्रिलर से कम नहीं था। मैच आखिरी गेंद तक गया, जहां मोहम्मद शमी के छक्के ने स्कोर बराबर कर दिया और मुकाबला सुपर ओवर में पहुंच गया। हालांकि, इसके बाद जो हुआ, उसने लखनऊ की रणनीति और कप्तानी दोनों पर सवाल खड़े कर दिए।

### रिंकू सिंह और नरेन ने पलटा पूरा खेल

रिंकू सिंह ने नाबाद 83 रन की शानदार पारी खेलकर केकेआर को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं सुपर ओवर में सुनील नरेन ने घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ एक रन देकर दो विकेट झटके। नतीज- एलएसजी सिर्फ एक रन बना सकी, जो आईपीएल इतिहास का सबसे कम सुपर ओवर स्कोर बन गया। इसके जवाब में केकेआर ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

### बड़ा सवाल- पूरन को क्यों भेजा गया?

सुपर ओवर में लखनऊ ने निकोलस पूरन और एडेन मार्करम को बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि टीम के पास ऋषभ पंत, मिचेल मार्श और मुकुल चौधरी जैसे विकल्प मौजूद थे। पूरन उस मैच में पहले ही नौ रन बनाकर आउट हो चुके थे और पूरे सीजन में उनका फॉर्म बेहद खराब रहा है। वह आईपीएल 2026 में अब तक आठ मैचों में सिर्फ 82 रन बना सके हैं।

### कहानी बद से बदतर हो गई

जब 12 साल पहले सुपर ओवर में पूरन और नरेन आमने-सामने आए थे, तब भी नतीजा लगभग ऐसा ही रहा था। पूरन पहली चार गेंदों पर कोई शॉट ठीक से कनेक्ट नहीं कर पाए थे और पांचवीं गेंद पर लॉन्ग-ऑफ पर कैच आउट हो गए थे। इस बार भी कहानी नहीं बदली, बल्कि और खराब हो गई। सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर नरेन ने पूरन को बोल्ड कर दिया, जिससे लखनऊ की उम्मीदें शुरुआत में ही खत्म हो गईं।

**टी20 सुपर ओवर में पूरन VS नरेन**

| | |
|---|---|
| कैरिबियाई लीग 2014 | 0 रन (5 गेंद) |
| कैरिबियाई लीग 2021 | 1 रन (2 गेंद) |
| आईपीएल 2026 | 0 रन (1 गेंद) |
| कुल | 1 रन, 2 बार आउट |

### आंकड़े क्या कहते हैं?

अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो यह फैसला और भी हैरान करता है, क्योंकि सुपर ओवर में पूरन का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। उन्होंने सुपरओवर में कुल 10 गेंदों में सिर्फ एक रन बनाए हैं। वह पांच बार आउट हो चुके हैं। इतना ही नहीं, सुनील नरेन के खिलाफ सुपर ओवर में आठ गेंदों पर वह सिर्फ एक रन ही बना सके हैं। यानी जिस बल्लेबाज को सबसे अहम मौके पर भेजा गया, उसके आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल खिलाफ थे।

### नंबर झूठ नहीं बोलते

कोच लैंगर ने भले ही पूरन पर भरोसा जताया हो, लेकिन आंकड़े इस फैसले के बिल्कुल उलट कहानी बताते हैं, खासतौर पर जब सामने गेंदबाज नरेन हों। ये आंकड़े साफ दिखाते हैं कि सुपर ओवर जैसे हाई-प्रेशर मोमेंट में पूरन का रिकॉर्ड नरेन के खिलाफ बेहद कमजोर रहा है। ऐसे में उन्हें सबसे पहले बल्लेबाजी के लिए भेजना एक बड़ा जोखिम था, जो आखिरकार लखनऊ टीम पर भारी पड़ गया।एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के निशाने पर आ गए। फैंस का कहना था कि पंत को पूरन और नरेन के पुराने रिकॉर्ड की जानकारी होनी चाहिए थी। कई यूजर्स ने सवाल उठाया कि इतने बड़े मैच में ऐसा जोखिम भरा फैसला क्यों लिया गया। कुछ फैंस का मानना था कि पंत खुद या मिचेल मार्श या फिर मुकुल चौधरी को पहले भेजना चाहिए था, जिससे टीम को बेहतर शुरुआत मिल सकती थी।

# रघुवंशी आउट भी हुए और अब जुर्माना भी देना होगा!



**लखनऊ।** आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद केकेआर के युवा बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। उन्हें मैच के दौरान गुस्से में किए गए व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

### 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' पर आउट होने के बाद भड़के

यह घटना मैच के पांचवें ओवर में हुई, जब रघुवंशी को 'ऑब्स्ट्रक्टिंग द फील्ड' के तहत आउट दिया गया। इस फैसले के बाद वह अपना आपा खो बैठे और गुस्से में आकर उन्होंने बैट से बाउंड्री कुशन पर मारा। इतना ही नहीं, उन्होंने अपना हेलमेट भी डगआउट की ओर फेंक दिया, जो आईपीएल के आचार संहिता के खिलाफ है।

### आईपीएल ने सुनाई सजा

आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'अंगकृष रघुवंशी, कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज और विकेटकीपर, पर मैच नंबर 38 में आचार संहिता के लेवल-एक के उल्लंघन के लिए उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट प्वाइंट भी दिया गया है।' आगे बताया गया कि उन्होंने आर्टिकल 2.2 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान उपकरण या मैदान से जुड़े सामान के दुरुपयोग से संबंधित है। रघुवंशी ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और मैच रेफरी के फैसले को मान लिया है। आईपीएल नियमों के अनुसार, लेवल-एक के उल्लंघन में मैच रेफरी का फैसला अंतिम होता है। लखनऊ के खिलाफ यह मैच केकेआर ने सुपर ओवर में जीता था, लेकिन इस जीत के बीच रघुवंशी का यह व्यवहार चर्चा का विषय बन गया।

# विजय वर्मा ने बताया मुश्किल थी 'मटका किंग' की शूटिंग

विजय वर्म इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'मटका किंग' को लेकर चर्चाओं में हैं। बातचीत में विजय ने इस प्रोजेक्ट को चुनने की वजह, शूटिंग के दौरान आई चुनौतियों और निर्देशक नागराज मंजुले के साथ काम करने के अनुभव पर खुलकर बात की। बातचीत के दौरान उन्होंने इस खेल की बारीकियों, उसे समझने में आई मुश्किलों और उससे जुड़ी अपनी निजी यादों का भी जिक्र किया।

**नागराज के साथ काम करने की इच्छा थी –** 'मटका किंग' को हां कहने की वजह पूछे जाने पर विजय ने सबसे पहले निर्देशक नागराज मंजुले का नाम लिया। उन्होंने कहा, 'नागराज मंजुले के साथ काम करना मेरा सपना था पर जब मैंने अपने किरदार के बारे में सुना तो थोड़ा डर गया कि मैं यह कर पाऊंगा या नहीं। डर इसीलिए था क्योंकि नागराज की फिल्मों में हर बारीकी पर ध्यान दिया जाता है।

### मटके का खेल समझना था मुश्किल

शूटिंग के दौरान सबसे बड़ी चुनौती क्या रही? इस पर विजय ने कहा, 'सबसे मुश्किल था मटके का खेल समझना। बाहर से देखने पर लगता है कि ये सिर्फ ताश का खेल है लेकिन जब आप उसे किरदार के साथ जीते हैं, तब पता चलता है कि उसके भीतर कितनी बारीकियां हैं। ताश खेलते हुए डायलॉग बोलना, बातचीत करना, एक्सप्रेशन बनाए रखना और साथ ही उस दुनिया में बने रहना... ये सब एक साथ करना अपने आप में बड़ा चैलेंज था।'



# परब्रमता चटर्जी के साथ काम कर खुश हैं निमृत कौर अहलूवालिया

कई बार शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखने लगती है। ऐसी ही दोस्ती अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया और बंगाली अभिनेता परब्रमता चटर्जी के बीच देखने को मिली। दोनों इन दिनों एक नई थ्रिलर-एक्शन वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। निमृत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने को-स्टार की जमकर तारीफ की और उन्हें सबसे अच्छा इंसान बताया। निमृत कौर अहलूवालिया ने अपने इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की, जो नैनिताल की शूटिंग के दौरान ली गई है। इस तस्वीर में वह और परब्रमता चटर्जी साथ खड़े नजर आ रहे हैं और कैमरे की तरफ मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। तस्वीर में उनकी दोस्ती साफ दिख रही है। इस फोटो के साथ निमृत ने कैप्शन में लिखा, ' 'परब्रमता चटर्जी इस दुनिया के सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है।''

फिलहाल इस नई वेब सीरीज का नाम अभी सामने नहीं आया है और इसके बारे में ज्यादा जानकारी भी गोपनीय रखी गई है। फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते शुरू हो चुकी है और इसे एक थ्रिलर-एक्शन कहानी के रूप में बनाया जा रहा है। इससे पहले फरवरी में खबर आई थी कि निमृत एक नई थ्रिलर सीरीज में नजर आएंगी, जिसका नाम 'अब होगा हिसाब' बताया जा रहा है। इसकी कहानी पंजाबी संस्कृति से जुड़ी होगी। इस शो में संजय कपूर, शहीर शेख और मौनी रॉय जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं। इस सीरीज को एरे स्टूडियो प्रोड्यूस कर रहा है और इसका निर्देशन दिव्यांशु मल्होत्रा कर रहे हैं।



# 'जाने अनजाने हम मिले' में चुनौतीपूर्ण रहा नेगेटिव किरदार

टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में कीर्ति का किरदार निभा रही अभिनेत्री गौरी अग्रवाल ने अपने रोल में आए बड़े बदलाव को काफी चुनौतीपूर्ण बताया। शुरुआत में पॉजिटिव और प्यारी लड़की के रूप में दिखाई गई कीर्ति अब पूरी तरह नेगेटिव किरदार में बदल चुकी है। इस बदलाव ने गौरी को अभिनय के नए आयाम सिखाए हैं। गौरी अग्रवाल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि किरदार में यह बड़ा ट्रांसफॉर्मेशन उनके लिए फिजिकली और इमोशनली दोनों तरह से बहुत डिमांडिंग रहा है। उन्होंने कहा, 'शुरुआत में कीर्ति बहुत पॉजिटिव थी, लेकिन धीरे-धीरे उसका किरदार ग्रे शेड्स में बदलता गया और अब वह पूरी तरह नेगेटिव हो चुकी है। मुझे लगातार खुद को याद दिलाना पड़ता है कि जो कुछ कीर्ति कर रही है, वह उसके किरदार की सोच के अनुसार है, भले ही व्यक्तिगत रूप से मुझे उन कामों को सही ठहराना बहुत मुश्किल लगे।'

गौरी ने कुछ मुश्किल सीन्स का जिक्र करते हुए बताया, 'कुछ सीन ऐसे थे जहां मेरी अपनी नैतिकता मुझे रोक रही थी। उन सीन्स को पूरी शिद्दत से करना मेरे लिए भावनात्मक रूप से बहुत कठिन था। एक अभिनेत्री के रूप में मुझे समझना था कि मैं सिर्फ अपने किरदार के सफर को आगे बढ़ा रही हूं। ऐसे सीन इमोशनली और फिजिकली दोनों तरह से काफी चुनौतीपूर्ण रहे, क्योंकि मुझे यह सुनिश्चित करना होता था कि सीन असली लगें, लेकिन किसी भी हद को पार न करें।' अभिनेत्री ने आगे कहा कि नेगेटिव किरदार बनने के बाद कीर्ति के इंटेंस फैसलों को समझना और इमोशनल स्तर पर उन्हें स्वीकार करना उनके लिए लगातार चलने वाली प्रक्रिया रही है। कीर्ति जिस हद तक जाती है, रीत और राघव को नुकसान पहुंचाना, गुस्सा दिखाना या खुद को चरम की स्थिति में ले जाना, यह सब बहुत खतरनाक है। इन चीजों को समझना और इमोशनली सही ठहराना मेरे लिए काफी मुश्किल रहा है। टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में गौरी अग्रवाल के साथ भारत अहलावत राघव का किरदार निभा रहे हैं, जबकि आयुषी खुराना रीत की भूमिका में हैं।



# श्रेया घोषाल

## ने मुंबई के रिहायशी इलाके में खरीदा नया आशियाना, इतनी है लग्जरी अपार्टमेंट की कीमत

जानी-मानी प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल के नया अपार्टमेंट खरीदने की खबर है. इससे पहले अप्रैल की शुरुआत में सिंगर ने एक मुंबई के पॉश इलाके में घर खरीदा था, जिसकी कीमत 29 करोड़ रुपये थे. इसी के बाद अब श्रेया घोषाल ने एक बार फिर मुंबई के जाने-माने इलाके में नया अपार्टमेंट खरीदा है. खबर है कि प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल ने अपने परिवार के मेंबर शर्मिष्ठा घोषाल और बिस्वजीत घोषाल के साथ मिलकर, मुंबई के सांताक्रूज वेस्ट इलाके में ये लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा है.पिछले तीन महीनों में घोषाल परिवार की ये तीसरी खरीदारी है. प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन के दस्तावेजों के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में घोषाल परिवार ने मुंबई के वर्ली में लगभग 60 करोड़ में दो लग्जरी अपार्टमेंट खरीदे थे. अब दोबारा श्रेया घोषाल ने मुंबई के सांताक्रूज इलाके में लगभग 20 करोड़ रुपये का अपार्टमेंट लिया है.



**श्रेया घोषाल का नया घर**

डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, श्रेया घोषाल का तीसरा अपार्टमेंट सांताक्रूज वेस्ट इलाके के सरोजिनी रोड पर 'वायु बिल्डिंग' नाम की एक इमारत में मौजूद है, जिसे 'ओम डेवलपर्स रियल्टी' से खरीदा गया है. ये अपार्टमेंट एक ऊंची मंजिल पर स्थित है और इसका एरिया 2,601 स्क्वायर फीट है. इसके साथ ही इसमें 299 वर्ग फुट की बालकनी भी है, जिससे इसका कुल इस्तेमाल लायक एरिया लगभग 2,900 स्क्वायर फीट हो जाता है. इस डील का ट्रांजेक्शन 24 अप्रैल, 2026 को किया गया था, और इसके लिए 1.25 करोड़ की स्टांप ड्यूटी चुकाई गई है. दस्तावेजों से ये भी पता चलता है कि इस सौदे में तीन कार पार्किंग की जगहें भी शामिल हैं.

हालांकि, अभी तक श्रेया घोषाल या ओम डेवलपर्स रियल्टी से इस मामले पर रिएक्शन सामने नहीं आया है. बताया जा रहा है कि ये प्रोजेक्ट पहले की 'सुखदा' बिल्डिंग का रीडेवलपमेंट है और इसे मुंबई के एक जाने-माने इलाके में एक मॉडर्न आवासीय प्रोजेक्ट के तौर पर बनाया जा रहा है. आपको बता दें कि इससे पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू ने बीते दिनों मुंबई के वर्सोवा में गोदरेज प्रॉपर्टीज से 10 करोड़ में एक अपार्टमेंट खरीदा है.

# अमीषा पटेल

## को आज भी सलमान खान की इस फिल्म में काम न करने का अफसोस, बजट से ढाई गुना हुई थी कमाई



फिल्मों में कलाकारों की एंट्री और एग्जिट अक्सर होती रहती है, जो कि बेहद आम है. कई फिल्में ऐसी होती हैं, जिनपर काम भी शुरू हो चुका होता है और अचानक एक्टर बीच में फिल्म को छोड़ देते हैं. वहीं, कुछ फिल्में ऐसी भी होती हैं, जिनकी पहले स्क्रिप्ट किसी कलाकार को सुनाई जाती है, लेकिन बाद में एक्टर अपने बिजी शेड्यूल की वजह से फिल्म को इनकार कर देते हैं. ऐसा ही कुछ हुआ अमीषा पटेल के साथ. हाल ही में अमीषा पटेल ने सलमान खान की फिल्म से जुड़ा पुराना किस्सा शेयर किया और इस दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें भाईजान के साथ एक सुपरहिट फिल्म न करने का हमेशा अफसोस रहेगा.बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने खुलासा किया कि शुरुआत में सलमान खान अपनी फिल्म 'तेरे नाम' में उन्हें लेना चाहते थे. सलमान खान को 'तेरे नाम' की रिलीज के साथ ही जबरदस्त शोहरत मिली, जो 2003 में रिलीज हुई थी. ऑडियंस को सलमान खान के साथ भूमिका चावला की जोड़ी, फिल्म के गाने और इसकी गहरी प्रेम कहानी खूब पसंद आई थी. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सलमान शुरू में इस फिल्म में लीड रोल के लिए अमीषा पटेल को लेना चाहते थे? 'बॉलीवुड बबल' के साथ एक बातचीत में अमीषा ने बताया कि वो ये फिल्म क्यों नहीं कर पाईं.




**अमीषा पटेल ने छोड़ी तेरे नाम**

अमीषा पटेल ने माना कि उन्हें 'तेरे नाम' को मना करने का अफसोस है. एक्ट्रेस ने शेयर किया, काश मैं मना नहीं करती. लेकिन उस वक्त जब सलमान ने मुझे ये फिल्म ऑफर की थी, सिर्फ गाने बन चुके थे और इस फिल्म का आइडिया और कहानी थी. उन्होंने मुझे कहानी सुनाई, गाने भी सुनाए. तब न डेट्स तय थीं और डायरेक्ट कौन करेगा ये भी तय नहीं था. सब हवा में था. सलमान तेरे नाम को लेकर बहुत एक्साइटेड थे और सही भी था. जब फाइनल हुआ, जब सतीश कौशिक जी ऑन बोर्ड आए, तब तक मैं पहले से ही बिजी थी और दूसरे प्रोजेक्ट पर कमिटेड थी.

**ये मेरी बदकिस्मती थी....**

अमीषा ने बताया कि फिल्म कई डायरेक्टर्स के पास गई. एक्ट्रेस ने कहा, कुछ सेट नहीं था और एक एक्टर के तौर पर मैं वो टाइम नहीं छीन सकती थी जो मैंने कई लोगों को दिया था. अगर सलमान मेरे पास एक तय डेट और एक तय डायरेक्टर के साथ आते और कहते कि हम काम शुरू करने के लिए तैयार हैं, तो बेशक मैं तेरे नाम जैसी फिल्म नहीं करती.

## रणवीर सिंह को बड़ी राहत, 'कांतारा' मिमिक्री विवाद से जुड़ा केस हुआ रद्द, अब मंदिर जाकर मागेंगे माफी




रणवीर सिंह बीते काफी वक्त से 'कांतारा' मिमिक्री विवाद को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. इस केस में अब रणवीर सिंह को बड़ी राहत मिल गई है. कर्नाटक हाई कोर्ट ने 'कांतारा' विवाद में रणवीर सिंह के खिलाफ दर्ज स्नद्धक्रको रद्द कर दिया है. रणवीर ने इसके लिए बिना शर्त माफी मांगी थी. इसी के साथ कोर्ट ने उन्हें चार हफ्तों के अंदर मंदिर में माफी मांगने का निर्देश भी दिया है. अब रणवीर सिंह चामुंडेश्वरी मंदिर में माफी मांगेंगे.

रणवीर सिंह मंदिर जाने का वचन देते हुए एक हलफनामा दाखिल करेंगे. रणवीर के साजन पूवैया ने कोर्ट में दलील ली कि एक्टर विदेश नहीं जा पा रहे हैं, इसलिए इस मामले को निपटा दिया जाए और इसके लिए उनके वकील ने कोर्ट में 'बिना शर्त माफी' का हलफनामा पेश किया. कोर्ट ने रणवीर सिंह के खिलाफ चल रहे मामले को रद्द तो कर दिया है, लेकिन एक खास शर्त रखी है.

**रणवीर सिंह को कोर्ट से राहत**

कर्नाटक हाई कोर्ट ने शनिवार (25 अप्रैल) को रणवीर सिंह के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिली. एक्टर के वकील की तरफ से कोर्ट में पेश 'बिना शर्त माफी' हलफनामा दायर किया गया, जिसके बाद जज ने केस खारिज कर दिया. इसके साथ ही, कोर्ट ने रणवीर सिंह को मैसूर के प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी मंदिर जाकर माफी मांगने का आदेश दिया. अब रणवीर सिंह खुद चामुंडेश्वरी मंदिर जाएंगे और प्रार्थना करेंगे. कोर्ट ने मामले को पूरी तरह रफा-दफा करने के लिए रणवीर को मंदिर में जाकर पश्चाताप करने का आदेश दिया.

**4 हफ्तों का टाइम**

सुनवाई के दौरान रणवीर कोर्ट में पेश नहीं हुए. उनके वकील ने बताया कि उनकी फिल्म 'धुरंधर 2' की जबरदस्त सफलता के बाद सुरक्षा चिंताओं के चलते, एक्टर अभी कहीं आ-जा नहीं पा रहे हैं. इसी वजह से उनके मंदिर जाने की कोई तारीख तय नहीं हो पाई है. मामले को बंद करते हुए जज ने कहा कि उनके बर्ताव से लोगों की राय को ठेस पहुंची है. कोर्ट ने उन्हें चार हफ्तों के अंदर मंदिरजाकर माफी मांगने का भी निर्देश दिया.

## तबू के साथ नजर आया ये शख्स कौन है? विंदू दारा सिंह से जुड़ा निकला ये कनेक्शन




बॉलीवुड में सितारों की निजी जिंदगी से जुड़ी छोटी-छोटी बातें भी अक्सर सुर्खियां बन जाती हैं. खासकर जब किसी तस्वीर में कोई नया चेहरा नजर आए, तो फैंस उसकी पहचान जानने के लिए एक्साइटेड हो जाते हैं. कुछ ऐसा ही हाल तब हुआ जब हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस तबू ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें उनके साथ एक शख्स नजर आया. तस्वीर सामने आते ही लोगों के मन में सवाल उठने लगे कि आखिर ये कौन है. बाद में सामने आया कि इस शख्स का कनेक्शन सीधे विंदू दारा सिंह से जुड़ा हुआ है.

तबू बॉलीवुड का जाना माना नाम हैं, उनकी फैन फॉलोइंग काफी कमाल की है. फिल्मों के साथ ही साथ तबू सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट ने जिस शख्स के साथ फोटो शेयर की है, वो कोई और नहीं बल्कि उनकी बहन फराह नाज के बेटे फतेह रंधावा हैं. फतेह, फराह नाज और विंदू दारा सिंह के बेटे हैं. हालांकि, फराह नाज और विंदू दारा सिंह का काफी समय पहले तलाक हो चुका है, लेकिन फतेह दोनों परिवारों से जुड़े हुए हैं.

**फराह नाज-विंदू दारा सिंह के बेटे**

सोशल मीडिया पर शेयर की गई इस तस्वीर में तबू और फतेह साथ में मुस्कुराते नजर आ रहे हैं. फोटो में दोनों के बीच की बॉन्डिंग साफ दिखाई देती है, जिसे फैंस ने भी काफी पसंद किया. तस्वीर के वायरल होने के बाद फतेह रंधावा को लेकर भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ गई है. फतेह रंधावा भले ही अभी फिल्मी दुनिया में एक्टिव नहीं हैं, लेकिन स्टार फैमिली से ताल्लुक रखने की वजह से वो पहले भी चर्चा में रहे हैं. उनकी मां फराह नाज 80 और 90 के दशक की जानी-मानी एक्ट्रेस रह चुकी हैं, जबकि उनके पिता विंदू दारा सिंह भी फिल्मों और टीवी में नजर आ चुके हैं. ऐसे में फतेह का फिल्मी दुनिया से जुड़ाव पहले से ही रहा है.

**1996 में की थी दोनों ने शादी**

तबू और फराह नाज दोनों बहनें हैं और दोनों के बीच काफी अच्छा रिश्ता माना जाता है. यही वजह है कि तबू अक्सर अपने भांजे के साथ नजर आती रही हैं. इस नई तस्वीर ने एक बार फिर इस फैमिली बॉन्ड को सामने ला दिया है. फराह और विंदू दारा सिंह की बात करें, तो उनकी मुलाकात 90 के दशक की शुरुआत में हुई थी, जिसके बाद उन्होंने 1996 में शादी कर ली थी, लेकिन दोनों साल 2002 में अलग हो गए. दोनों ही अब अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं, फराह ने सुमीत सहगल से तो वहीं विंदू दारा सिंह ने डीना उमरोवा से शादी कर ली.

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में लश्कर के आतंकी यूसुफ की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में लश्कर-ए-ताइबा सरगना हाफिज सईद के एक और करीबी आतंकी शेख यूसुफ अफरीदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लांडी कोटल में अफरीदी की हत्या के बाद हमलावर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, हमलावरों ने अफरीदी पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। सूत्रों के अनुसार, यूसुफ अफरीदी लंबे समय से आतंकी गतिविधियों में लिप्त था। लश्कर में भी उसकी अहम भूमिका थी। अभी तक किसी संगठन ने हत्या की जिम्मेदारी नहीं ली है। सुरक्षा एजेंसियां इसे लक्षित हत्या के एंगल से भी देख रही हैं।

### उत्तरी टेक्सास में आए बवंडर से दो लोगों की मौत, कई घर तबाह

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिका के उत्तरी टेक्सास में शनिवार रात आए भीषण बवंडर ने भारी तबाही मचाई है। इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई घर पूरी तरह नष्ट हो गए। अधिकारियों के अनुसार, बवंडर की वजह से कम से कम 20 परिवार बेघर हो गए हैं। वाइज काउंटी के रनवे बे इलाके में 217 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाले 'एफई-2' बवंडर ने एक व्यक्ति की जान ले ली। यहां सड़कों पर मलबा जमा होने और बिजली के खंभे गिरने से राहत कार्य में दिक्कत आ रही है। वहीं, स्प्रिंगटाउन में एफई-1' बवंडर की चपेट में आने से दूसरे व्यक्ति की मौत हुई। इस इलाके में बड़े पैमाने पर बिजली गुल है। मौसम विभाग ने बताया कि यह तूफान विचिटा फॉल्स से शुरू होकर फोर्ट वर्थ के पश्चिम की ओर बढ़ा। एजल शहर के पास भी एक बेहद खतरनाक बवंडर देखा गया। फिलहाल राहत टीमें मलबे को हटाकर प्रभावित लोगों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं।

### इस्लामाबाद में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस्लामाबाद के उपनगरीय इलाके में एक ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतकों में एक महिला और एक किशोर भी शामिल हैं। यह घटना शनिवार को जांगी सैयदैन क्षेत्र में एक घर में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने सुबह गोली चलने की आवाजें सुनीं और तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो घर की पहली मंजिल पर चार शव बरामद हुए। दो पीड़ित अलग-अलग बिस्तरों पर थे, जबकि एक शव फर्श पर पड़ा मिला। पुलिस अधिकारी के अनुसार, सभी पीड़ितों के सिर में गोली लगी थी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है। शुरुआती जांच में अधिकारियों को यह मामला 'ऑनर किलिंग' (सामूहिक हत्या) का लग रहा है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक हत्या के पीछे के कारणों का पता नहीं लगाया है और न ही किसी संदिग्ध की पहचान की है।

### ईरान को डराने-धमकाने की कोशिश काम नहीं करेगी', अराघची के मॉस्को दौरे के बीच रूस का बड़ा बयान

**मॉस्को , एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री के दौरे के बीच ही रूस का एक बड़ा बयान सामने आया है। रूस ने कहा है कि ईरान को सैन्य ताकत का डर दिखाकर डराया-धमकाया नहीं जा सकता। वियना में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन में रूस के प्रतिनिधि मिखाइल उलयानोव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, सैन्य तैनाती की धमकी और प्रतिबंध कड़े करने की बात ब्लैकमेलिंग है, लेकिन ईरान पर ये चाल काम नहीं करेगी। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका को समझौते के लिए अपने रुख को नरम करना चाहिए। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को कहा कि उनका रूस दौरा, युद्ध के बाद समन्वय का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। अराघची ने ये टिप्पणियां सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए पर प्रसारित एक पूर्व-रिकॉर्डेड साक्षात्कार में कीं। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लिए एक अच्छा अवसर है कि हम युद्ध से जुड़े घटनाक्रम और वर्तमान स्थिति पर अपने रूसी मित्रों के साथ परामर्श करें।' अराघची ने कहा कि अमेरिका के रवैये के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई। उन्होंने कहा, 'पिछली वार्ता में प्रगति होने के बावजूद, अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकी और इसके लिए उन्होंने अमेरिका की बहुत ज्यादा मांगों को जिम्मेदार ठहराया। इस बीच ईरान की संसद के सभापति मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान के पास भी कई अहम पत्ते हैं। गालिबाफ का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनके पास सारे पत्ते हैं, जिनसे वे ईरान पर दबाव बना सकते हैं। अब गालिबाफ ने कहा है कि तेल की सप्लाई और मांग जैसे कई अहम पत्ते हैं, जो ईरान के पास हैं। गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका के बीच समझौते के लिए पर्दे के पीछे से बातचीत जारी है। रूस दौरे से पहले ईरानी विदेश मंत्री ने पाकिस्तान और ओमान का दौरा किया।

**रिपोर्ट में दावा : भारत से नहीं जीत पाया तो खुन्नस में**

# अफगानिस्तान से भिड़ बैठा था पाकिस्तान

इस्लामाबाद, एजेंसी।

ऑपरेशन सिंदूर में हार का सामना करने के बाद पाकिस्तान ने जान बूझकर अफगानिस्तान को निशाना बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान या टी.टी.पी ने ये आरोप लगाए हैं। टीटीपी के आरोप हैं कि पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने अपनी छवि सुधारने के लिए अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ाया था। फरवरी में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच स्ट्राइक्स के बाद युद्ध जैसे हालात हो गए थे।



### पाकिस्तान पर टीटीपी के आरोप

सीएनएन न्यूज18 के अनुसार, टीटीपी की मैगजीन मुजल्ला तालिबान के 11वें अंक में मुनीर पर कई आरोप लगाए हैं। इसमें कहा गया है कि मुनीर ने अफगानिस्तान को भारत की तुलना में एक आसान निशाना समझा। मई 2025 में भारत के साथ हुए टकराव में हार और दुनिया भर में भारत के बढ़ते समर्थन को देखते हुए उन्होंने यह रास्ता चुना। दावा किया जा रहा है कि ऐसा करने के पीछे उनका मकसद अपनी सैन्य कामयाबी दिखाना और अपने देश में अपनी पकड़ को और मजबूत करना था।

### खुली जंग का किया था ऐलान

पाकिस्तान ने फरवरी में कहा था कि अफगानिस्तान के खिलाफ 'खुली जंग' जारी है। पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन गजब-लिल-हक' के तहत अफगानिस्तान में कई स्थानों पर हमले शुरू करने के कुछ घंटों बाद उनकी यह टिप्पणी आई थी। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि सीमा पार से 'बिना उकसावे के गोलीबारी' के जवाब में पाकिस्तानी सेना ने ये हमले किए थे। दोनों देशों के बीच 2,611 किलोमीटर लंबी सीमा को 'डूरंड रेखा' कहा जाता है, जिसे अफगानिस्तान औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देता।

### अमेरिका से भी जोड़े तार

रिपोर्ट के मुताबिक, टीटीपी ने पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व पर अमेरिका के साथ मिलीभगत की अपनी पुरानी आदत जारी रखने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फरवरी 2026 में अफगान शहरों में किए गए हवाई हमले उग्रवाद को खत्म करने के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका को खुश करने और उसकी चिंताओं को दूर करने के लिए किए गए थे।

### ऑपरेशन सिंदूर

बीते साल अप्रैल में आतंकवादियों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में 26 सैलानियों की गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सिंधु जल संधि रोकने समेत कई फैसले लिए थे। वहीं, 7 मई को भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का आगाज किया था। इसके तहत पाकिस्तानी सीमा क्षेत्र में प्रवेश कर आतंकवादियों के ठिकाने तबाह किए गए थे।

पहलगाम की बरसी पर भारतीय सेना ने एक बार फिर पोस्टर जारी कर चेतावनी दी थी। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी कह चुके हैं कि अभी ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

## जापान में 6.2 तीव्रता का भूकंप, पीएम ताकाइची ने लोगों को अलर्ट रहने की दी चेतावनी

**टोक्यो, एजेंसी।** सोमवार सुबह उत्तरी जापान के एक हिस्से में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। हालांकि, किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने लोगों को अलर्ट रहने की चेतावनी दी है। जापान टुडे के अनुसार, जापान मौसम एजेंसी ने सुनामी की कोई एडवाइजरी जारी नहीं की। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप जापान के सबसे उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो के छोटे से शहर साराबेत्सु से 18 किलोमीटर पश्चिम में 81 किलोमीटर की गहराई पर आया। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई। वहीं पीएम ताकाइची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'आज सुबह करीब 5:24 बजे, होक्काइडो के टोकाची इलाके के दक्षिणी हिस्से में भूकंप का केंद्र था और होक्काइडो के उराहोरो टाउन में जापानी सीस्मिक स्केल पर सबसे ज्यादा 5-कम इंटेंसिटी का तेज झटका महसूस किया गया। सुनामी की कोई चिंता नहीं है।'

उन्होंने आगे लिखा, 'सरकार के तौर पर, भूकंप के तुरंत बाद, हमने 'प्राइम मिनिस्टर ऑफिस क्राइसिस मैनेजमेंट सेंटर' और 'प्राइम मिनिस्टर ऑफिस कम्युनिकेशन रूम' बनाया और मेरे निर्देशों के आधार पर, हम नुकसान की स्थिति को समझने और जनता को सही जानकारी देने जैसे रिस्पॉन्स के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। जिन इलाकों में झटके तेज थे, हम उनसे अपील करते हैं कि आप इसी तरह की तीव्रता वाले भूकंप की संभावना के लिए अलर्ट रहें। जापान की मॉनिटरिंग एजेंसी के अधिकारी ने चेतावनी दी कि जिन इलाकों में तेज झटके महसूस हुए, वहां चट्टानें गिरने और भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

## ताइवान के पास चीन की सैन्य गतिविधि तेज

**ताइपे, एजेंसी।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को जानकारी दी कि उसके आसपास चीन की सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी देखी गई है। मंत्रालय के अनुसार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक चीन के 7 सैन्य विमानों की उड़ानें और 9 नौसैनिक जहाज ताइवान के आसपास सक्रिय पाए गए। इनमें से 7 में से 6 विमान ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र ) में प्रवेश कर चुके थे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि देश की सशस्त्र सेनाएं स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और आवश्यक जवाबी कार्रवाई की जा रही है।इससे पहले रविवार को भी इसी तरह की गतिविधि दर्ज की गई थी, जब चीन के 28 सैन्य विमान और 8 नौसैनिक जहाज ताइवान के आसपास देखे गए थे। इनमें से 18 विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य और दक्षिण-पश्चिमी छ्र्ढं में प्रवेश कर चुके थे। ताइवान लगातार चीन की इन बढ़ती सैन्य गतिविधियों पर निगरानी रख रहा है और सुरक्षा स्थिति को लेकर सतर्क बना हुआ है।

### विद्रोहियों के हमले में माली के रक्षा मंत्री की मौत

**माली , एजेंसी।** माली के रक्षा मंत्री जनरल सादियो कमारा की शनिवार को एक हमले में मौत हो गई। सैन्य अधिकारियों और अन्य सूत्रों ने रविवार को इस खबर की जानकारी दी। विद्रोहियों ने उनके घर को निशाना बनाकर यह हमला किया था। हालांकि, माली की सरकार ने अभी तक इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। इस हमले के दौरान जिहादियों और विद्रोही गुटों ने देश के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर कब्जा कर लिया।

मामले में अलगाववादी लड़ाकों और इस्लामी चरमपंथियों ने मिलकर राजधानी और अन्य शहरों में सेना पर बड़ा हमला बोला। इस हिंसा में कम से कम 16 लोग घायल हुए हैं। माली में अलगाववादी गुट पिछले कई वर्षों से उत्तरी हिस्से में एक स्वतंत्र देश बनाने की मांग कर रहे हैं।

# मध्यस्थ को एक तरफ नहीं झुकना चाहिए'

## ईरान ने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर उठाए सवाल

**तेहरान , एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इस दीर्घकालिक गतिरोध को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान ने स्वयं को एक मध्यस्थ के रूप में प्रस्तुत किया है। पाकिस्तान इस राजनयिक पहल के माध्यम से न केवल अपनी अंतरराष्ट्रीय छवि को सुधारने का प्रयास कर रहा है, बल्कि उसे इस प्रक्रिया के बदले आर्थिक सहायता मिलने की भी प्रबल संभावना है। हालांकि, इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।




ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने भी पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उसकी निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते।'

ईरानी नेता ने आगे कहा, 'उदाहरण के लिए, वे दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। एक मीडिएटर को बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए, हमेशा एक तरफ नहीं झुकना चाहिए।' पाकिस्तान का झुकाव इस स्थिति में अमेरिकी की तरफ साफ जाहिर है। इसका ताजा उदाहरण तब देखने को मिला, जब दोनों देशों के बीच दो हफ्ते के लिए सीजफायर की घोषणा की गई थी।

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के एक्स हैंडल पर जो पोस्ट किया गया, उसमें लिखा था, 'ड्राफ्ट- एक्स पर पाकिस्तान के पीएम का मैसेज।' हालांकि इस पोस्ट को एडिट कर दिया गया था, लेकिन एडिटेड हिस्ट्री से इसका खुलासा हो गया। इससे एक बात साफ हो गई थी कि पाकिस्तान के पीएम के एक्स हैंडल पर जो भी पोस्ट किया गया, उसमें शब्द किसी और के थे, बस आवाज पाकिस्तानी पीएम की थी। इस पोस्ट के बाद ये अटकलें और तेज हो गई कि पाकिस्तान अमेरिका के इशारे पर मध्यस्थता का काम कर रहा है।

## उत्तर कोरिया युद्ध स्मारक: जंग में हताहत सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर बोले किम जोंग- रूस से गठबंधन मजबूत होगा

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए अपने सैनिकों की याद में एक बड़ा स्मारक और सैन्य संग्रहालय खोल दिया है। यह आयोजन प्योंगयांग में किया गया, जिसमें उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने भी हिस्सा लिया। सरकारी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यह स्मारक रूस के कुर्स्क क्षेत्र को यूक्रेन से मुक्त कराने की पहली वर्षगांठ पर खोला गया।



**रूस के साथ सैन्य सहयोग को बताया रणनीतिक साझेदारी :** इस मौके पर किम जोंग उन ने कहा कि उत्तर कोरिया और रूस का संबंध अब खून से जुड़ा हुआ है और इसे एक मजबूत रणनीतिक गठबंधन में बदला जाएगा। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक हालात में दोनों देशों को एक मजबूत और एकजुट शक्ति के रूप में आगे बढ़ना होगा, ताकि किसी भी संकट का सामना किया जा सके।

**युद्ध में उत्तर कोरिया की भूमिका :** रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 से उत्तर कोरिया ने रूस को लगभग 15,000 सैनिक और सैन्य हथियार भेजे हैं। यह सैनिक रूस-यूक्रेन युद्ध में सहायता के लिए तैनात किए गए थे। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का दावा है कि इस युद्ध में अब तक लगभग 6,000 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं।


**रूस-उत्तर कोरिया रिश्ते और मजबूत :** इस कार्यक्रम में रूस के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए, जिनमें रक्षा मंत्री और संसद अध्यक्ष प्रमुख थे। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संदेश भेजकर कहा कि यह स्मारक दोनों देशों की दोस्ती का प्रतीक है और आने वाले समय में यह संबंध और मजबूत होंगे। किम जोंग उन और रूसी रक्षा मंत्री के बीच हुई बैठक में सैन्य सहयोग, राजनीतिक साझेदारी और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने संकेत दिया है कि आने वाले वर्षों में सैन्य सहयोग और भी गहरा हो सकता है।

## हज 2026 : भारतीय राजदूत ने मक्का का दौरा किया, हाई-स्पीड ट्रेन और डिजिटल सेवाएं शुरू

**रियाद, एजेंसी।** भारत के सऊदी अरब में राजदूत सुहेल खान ने रविवार को मक्का का दौरा किया और भारतीय हज यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मदीना से ट्रेन के जरिए मक्का पहुंचे भारतीय तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे का भी स्वागत किया। इस दौरान जेद्दा में भारत के कॉन्सुल जनरल फहद सूरी और कॉन्सुल हज सदफ चौधरी भी मौजूद थे, यह जानकारी सऊदी अरब में भारतीय दूतावास ने सोशल मीड?िया 'एक?स' अकाउंट पर दी। दूतावास ने बताया कि इस साल बड़ी संख्या में भारतीय यात्री मक्का और मदीना के बीच सफर के लिए हरमैन हाई-स्पीड रेलवे का इस्तेमाल करेंगे। इसके अलावा इसका उपयोग जेद्दा और मक्का के बीच यात्रा के लिए भी किया जाएगा। इससे यात्रियों का सफर काफी तेज, सुरक्षित और आरामदायक हो जाएगा।

18 अप्रैल को हज 2026 के पहले जत्थे के यात्री दिल्ली एयरपोर्ट से सऊदी अरब के मक्का के लिए रवाना हुए थे। उस समय दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां भी एयरपोर्ट पर मौजूद थीं।

हज के लिए कई सुविधाएं शुरू की गई हैं। इनमें 'हज सुविधा ऐप' के जरिए डिजिटल सेवाएं बढ़ाना और 'हज सुविधा स्मार्ट बैंड' शामिल है, जिससे यात्रियों को ढूंढने और मदद करने में आसानी होगी।



इस बार लगभग 20 दिन का छोटा हज विकल्प भी शुरू किया गया है, ताकि लोगों को ज्यादा सुविधा मिल सके। सरकार ने हर यात्री के लिए बीमा कवर भी बढ़ाकर लगभग 6.25 लाख रुपए कर दिया है, जिससे यात्रा के दौरान आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा मजबूत होगी।

करीब 60,000 यात्रियों को मक्का और मदीना के बीच हाई-स्पीड ट्रेन से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनका सफर तेज और आरामदायक होगा। इसके अलावा यात्रियों की रियल-टाइम निगरानी, शिकायत निवारण सिस्टम, बेहतर मेडिकल जांच और स्वास्थ्य सुविधाएं और सऊदी अरब में ठहरने और परिवहन की बेहतर व्यवस्था भी की गई है। मक्का में होटल जैसी रहने की सुविधा भी दी जा रही है।

## इस्राइल के पूर्व पीएम नेफ्ताली बेनेट और येर लैपिड की पार्टियों का विलय, नेतन्याहू की बढ़ेंगी मुश्किलें


**यरूशलम , एजेंसी।** यरूशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेताओं ने शनिवार को अपनी-अपनी पार्टियों येस एटिड और बेनेट 2026 के विलय का एलान किया। इस्राइल में आगामी अक्तूबर तक आम चुनाव होने हैं। ऐसे में न्यू टुगेदर के बैनर तले ही दोनों पार्टियों के नेता चुनाव लड़ेंगे। इस विलय से विपक्षी गुट को मजबूती मिलने की उम्मीद है और इससे इस्राइल के राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव की उम्मीद की जा रही है।

पूर्व पीएम नेफ्ताली बेनेट ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा, मैं अपने देश के लिए अब तक का सबसे देशभक्तिपूर्व और यहूदीवादी कदम उठा रहा हूं। उन्होंने कहा कि यह एकता विभाजन के युग का अंत है। येर लैपिड ने भी मतदाताओं से नई पार्टी का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को नेफ्ताली बेनेट के पीछे एकजुट होना चाहिए। उन्होंने हंगरी का उदाहरण दिया, जहां एकजुट विपक्ष ने जीत हासिल की।

**7 अक्तूबर के हमलों की उच्च स्तरीय जांच का एलान :** नई पार्टी ने एलान कर दिया है कि वे सिर्फ यहूदी दलों के साथ गठबंधन करेंगे और अरब दलों के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। नई पार्टी ने साफ कर दिया है कि अगर वे सत्ता में आते हैं तो उनकी सरकार 7 अक्तूबर के हमलों की जांच के लिए आयोग गठित करेगी। साथ ही सार्वभौमिक सैन्य भर्ती कानून को लागू किया जाएगा। दोनों नेताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल को 8 साल तक किया जाएगा। बेनेट और लैपिड ने अपनी पार्टियों के विलय के मौके पर यशर पार्टी के नेता आइजेनकोट को भी गठबंधन में शामिल होने का न्योता दिया।

# लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई जगह नहीं': बराक ओबामा

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में आयोजित प्रतिष्ठित व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस घटना पर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है।



ओबामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने बयान में कहा कि अभी तक हमले के पीछे की मंशा स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम हिंसा को पूरी तरह अस्वीकार करें। उन्होंने इस दौरान अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों, खासकर सीक्रेट सर्विस के साहस और तत्परता की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि यह घटना उन अधिकारियों के बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा की याद दिलाती है, जो हर दिन देश की सुरक्षा में जुटे रहते हैं। घायल एजेंट के जल्द स्वस्थ होने की भी उन्होंने कामना की।

व्हाइट हाउस कॉरेस्पॉन्डेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष वेइजिया जियांग ने इस घटना को डरावना पल बताया और सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सूझबूझ से हजारों लोगों की जान बचाई जा सकी। अमेरिकी कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच के अनुसार, हमलावर ने कुछ गोलियां चलाईं, लेकिन वह सुरक्षा घेरे को पार नहीं कर सका और तुरंत काबू में कर लिया गया। पुलिस ने 31 वर्षीय आरोपी कोल टोमस एलन को हिरासत में ले लिया है, जिसने कथित तौर पर सुरक्षा चेकपॉइंट को पार करने की कोशिश की थी। घटना के बाद पूरे परिसर को तुरंत लॉकडाउन कर दिया गया और मेहमानों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता से टली बड़ी घटना

यह घटना उस समय हुई जब कार्यक्रम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद थे। राहत की बात यह रही कि सभी प्रमुख हस्तियां सुरक्षित हैं। हालांकि, घटना के दौरान एक सीक्रेट सर्विस अधिकारी घायल हो गया, जो हमलावर को रोकने की कार्रवाई में शामिल था।

## शिकागो के अस्पताल में अंधाधुंध गोलीबारी से मचा हड़कंप, दो पुलिसकर्मी घायल

**शिकागो , एजेंसी।** अमेरिका में गोलीबारी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा मामला शिकागो के एक अस्पताल में हुआ है। यहां गोलीबारी के बाद पूरे अस्पताल कैंपस को लॉकडाउन कर दिया गया है। एंडेवर हेल्थ स्वीडिश अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को जानकारी दी कि स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद सभी मरीज और कर्मचारी सुरक्षित हैं। प्रशासन ने यह भी बताया कि दोपहर तक अस्पताल में किसी भी तरह का सक्रिय खतरा नहीं था।

यह गोलीबारी सुबह करीब 11 बजे हुई। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। शिकागो पुलिस विभाग ने इस मामले में और जानकारी देने के लिए किए गए कई अनुरोधों का फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अस्पताल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com